# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 227 । नर्मदापुरम, शनिवार 23 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

संभागायुक्त ने फोटो निर्वाचन नामावली को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा की — पृष्ठ 3
▸ विविधता की कृषि संस्कृति का जवाब नहीं ▸ लोकतंत्र पर बढ़ता तकनीकी साम्राज्यवाद का खतरा — पृष्ठ 4
▸ अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर विधायक ने किया आमजन की समस्याओं का समाधान — पृष्ठ 6
एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### मोदी ने 5 दिन में 31 विश्व नेताओं से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील व गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान 31 विश्व नेताओं से मुलाकात की है। सूत्रों के अनुसार अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दौरान मोदी ने 31 द्विपक्षीय बैठकों और वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। उन्होंने नाइजीरिया में एक द्विपक्षीय बैठक की, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर 10 द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद गुयाना यात्रा के दौरान उन्होंने 9 द्विपक्षीय बैठकें कीं।

### नौसेना ने पनडुब्बी से टकराने वाली नौका पर सवार 11 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना ने उसकी एक पनडुब्बी से टकराने वाली नौका पर सवार 13 में से 11 लोगों को बचा लिया है। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि मार्थोमा नाम की यह नौका गोवा के निकट एक पनडुब्बी से टकरा गई थी। इस नौका पर 13 भारतीय मछुआरे सवार थे। नौसेना ने जहाजों और विमानों के साथ तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर चालक दल के 11 सदस्यों को बचा लिया जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। खोज और बचाव अभियान में तटरक्षक बल के जहाजों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### ट्रक-ऑटो की टक्कर में 4 स्कूली बच्चों की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले के बिहटा इलाके में एक ट्रक और ऑटो की टक्कर में चार स्कूली बच्चों की मौत हो गई। सभी मृतक बच्चे ऑटो में सवार होकर स्कूल से अपने घर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, एक स्कूल के बच्चे शुक्रवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद एक ऑटो में सवार होकर वापस कन्हौली गांव जा रहे थे, इसी दौरान बिहटा के बिशनपुरा बगीचा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में चार बच्चों की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि छह बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कृष्णकुमार ने मणिपुर के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली

**इंफाल, एजेंसी।** न्यायमूर्ति डी. कृष्णकुमार ने शुक्रवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के आठवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने यहां राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति कृष्णकुमार को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की सेवानिवृत्ति के बाद 20 नवंबर, 2024 को राष्ट्रपति ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कृष्णकुमार को मणिपुर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, विधानसभा के अध्यक्ष सत्यब्रत सिंह, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक, मणिपुर उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीश, शीर्ष नागरिक, पुलिस और सैन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

दिल्ली में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा फूटा, कहा-

# हम सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं

- ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश को प्रतिबंधित करने से संबंधित फैसलों में देरी पर जताई हैरानी
- युवा वकील करेंगे निगरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी को इन दिनों प्रदूषण ने अपनी चपेट में ले रखा है। राजधानी में प्रदूषण के मुद्दे पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि वह दिल्ली सरकार के जवाबों से संतुष्ट नहीं है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने सुप्रीम कोर्ट में मीडिया के हवाले से बताया कि दिल्ली में रिश्वत देकर बेरोकटोक ट्रक घुस रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह केंद्र सरकार को कहेगा कि सभी 113 एंट्री पॉइंट पर पुलिस अधिकारी नियुक्त करे। दिल्ली लीगल सर्विस ऑथोरिटी से कहेंगे कि वह पैरा लीगल वॉलंटियर्स को भी निगरानी के लिए नियुक्त करे।

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार ने दावा किया कि ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारी ट्रकों को रोक रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से यह साफ नहीं है कि कितने



सांसों के संकट से निपटने के लिए लागू ग्रैप-4 प्रतिबंध फिलहाल जारी रहेंगे : सुप्रीम कोर्ट

चेक पॉइंट बनाए गए हैं। स्टेज 4 कहता है कि आवश्यक सामग्री लेकर आ रहे ट्रकों को छोड़ कर सबको रोका जाए। कोर्ट ने कहा कि हम कुछ युवा वकीलों को नियुक्त करेंगे जो दिल्ली के एंट्री पॉइंट्स पर जाकर रिपोर्ट तैयार करें और कोर्ट को सौंपे। सीसीटीवी फुटेज की भी निगरानी की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम दिल्ली सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं. वह यह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### उत्तर भारत में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय आपातकाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता जताई है। राहुल ने कहा कि उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल है। यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। यह हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है। यह बुजुर्गों का दम घोंट रहा है। यह एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा है। इससे अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है, वे अपने चारों ओर फैली जहरीली हवा से बच नहीं पाते। परिवार को स्वच्छ हवा के बिना दिक्कत हो रही है, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और लाखों जिंदगियां खत्म हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# सुकमा में कमांडर सहित 10 नक्सली ढेर



### सुरक्षा बलों ने शवों के साथ कई हथियार किए बरामद

**सुकमा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां नक्सलियों के साथ हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि भेज्जी पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में एक जंगल में सुबह गोलीबारी शुरू हुई। यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना स्थल से तीन स्वचालित राइफल, एक एके47 इंसास, एसएलआर रायफल सहित कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### राज्य में इस वर्ष अब तक 107 नक्सली मारे गए

राज्य में इस वर्ष सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 107 नक्सली मारे गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई में 10 नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिये सख्त निर्देश, कहा-

# जिलों में आदर्श स्थिति बनाएं, वर्ना कलेक्टर-एसपी होंगे जिम्मेदार



- कानून व्यवस्था की स्थिति रहे सुदृढ़
- खाद वितरण कार्य व्यवस्थित हो, कालाबाजारी के विरुद्ध उठाएं सख्त कदम
- जिलों में व्यवस्थाएं देखने खुद मैदान में उतरें वरिष्ठ अधिकारी
- ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए, नरवाई जलाने पर लगे अंकुश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में चाहे विकास का प्रश्न हो, शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन या कानून-व्यवस्था की बात हो, आदर्श स्थिति बनाए रखने का दायित्व कलेक्टर-एसपी का है। अपने जिले में सभी व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर्स और एसपी जिम्मेदार होंगे। जिन जिलों से अनियमितताओं की शिकायतें आएंगी, वहां बड़े अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 22 हजार थानों की सीमाओं में आवश्यक परिवर्तन हुए हैं। जन-कल्याण की दृष्टि से जिलों के पुनर्गठन के लिए राज्य शासन ने आयोग गठित किया है। इसमें कलेक्टर और जन-प्रतिनिधि भी जरूरी सुझाव देकर सहयोग करें। आने वाले समय में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण, आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने जैसे निर्णय क्रियान्वित होंगे। इस दृष्टि से अनेक प्रशासनिक कार्यों का सह संबंध रहेगा। जिला स्तर पर भी जन-कल्याण के साथ प्रशासनिक सुधार प्राथमिक कार्य है। परीक्षाओं को देखते हुए निर्धारित ध्वनि से अधिक कोलाहल यंत्रों पर नियंत्रण, नशे का व्यापार करने वालों पर अंकुश, पराली जलाने पर रोक, किसानों के लिए खाद और उर्वरक के व्यवस्थित वितरण, राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण को मुस्तैदी से किया जाए। खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कलेक्टर, कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### गीता जयंती कार्यक्रम पूरे प्रदेश में हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि प्रदेश में 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनका व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उज्जैन एवं भोपाल में गीता भवन के भूमि पूजन के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की परम्परा से संबंधित विविध आयोजन सम्पन्न होंगे। इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। इनमें गीता संवाद, गीता के सस्वर पाठ की वर्ल्ड रिकार्ड प्रस्तुति के प्रयास भी किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारी की गई है। इस्कॉन संस्था द्वारा बच्चों के लिए गीता के श्लोकों की प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रमों में समन्वय करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को विभिन्न गतिविधियां आयोजित करनी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में जिलों में ऐसे भवनों का अभाव है, जहां शास्त्रीय और बौद्धिक आयोजन भी होते हों। इन भवनों को सिर्फ मांगलिक भवन बनाने के स्थान पर वैचारिक विमर्श का केंद्र भी बनाया जाए और युवाओं के लिए आवश्यक साहित्य भी उपलब्ध करवाया जाए। श्रीमद्भगवद गीता के कर्म आधारित जन कल्याणकारी उद्देश्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृति, नगरीय विकास और अन्य विभाग भी सहयोग करें। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शीतकाल में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों में नागरिकों के लिए ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य की देखभाल के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निराश्रितों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रयास बढ़ाए जाएं। अस्पतालों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मुख्यमंत्री जनजाति बहुल जिले के होम-स्टे में रुकेंगे

वीसी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में होम-स्टे लोकप्रिय हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वे शीघ्र ही अलीराजपुर, धार या अन्य किसी जनजातीय बहुल जिले में संचालित होम-स्टे में रात्रि विश्राम करेंगे। मध्यप्रदेश के होम-स्टे में ख्यात व्यक्तियों और सिने जगत की हस्तियों को भी आमंत्रित कर प्रदेश की पहचान को देश में स्थापित किया जाएगा। प्रदेश के निवाड़ी, छतरपुर, छिंदवाड़ा आदि जिलों में होम स्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

## मणिपुर में तनाव को लेकर केंद्र सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में जातीय हिंसा की ताजा लहर के बाद जमीनी स्तर पर स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों के बीच केंद्र ने राज्य में व्यवस्था बहाल करने के लिए 11 हजार सुरक्षाबल और भेजने का फैसला किया, जिनमें 5,000 से अधिक कर्मी होंगे। अब तक 288 कंपनियां तैनत की गई हैं। बता दे कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह , जिन्होंने मणिपुर की स्थिति की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र में अपने राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए थे। नॉर्थ ब्लॉक में सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक और बैठक की और निर्देश दिया कि अर्धसैनिक बल मणिपुर में शांति और व्यवस्था बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करें।

- 11 हजार सुरक्षाबल और भेजे जाएंगे
- अब तक 288 कंपनियां तैनात

एक सूत्र ने बताया कि उन्होंने सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जो आईपीएस के मणिपुर कैडर से हैं, को जमीनी आकलन रिपोर्ट भेजने और वहां के बलों के साथ समन्वय करने के लिए इम्फाल भेजा। गत दिनों गृह मंत्रालय ने जिरीबाम की घटना के बाद राज्य में अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद राज्य में 20 सीएपीएफ कंपनियों-सीआरपीएफ भेजने का आदेश दिया। 14 नवम्बर को केंद्र ने जिरीबाम सहित राज्य के घाटी क्षेत्रों के छह पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम के तहत अशांत क्षेत्र का दर्जा फिर से लागू कर दिया। गृह मंत्रालय ने मणिपुर में अस्थिर स्थिति और हिंसा के जघन्य कृत्यों में विद्रोही समूहों की सक्रिय भागीदारी के उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिसूचना जारी की। रविवार रात जिरीबाम में स्थानीय पुलिस स्टेशन के पास सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह के बीच टकराव के दौरान 22 वर्षीय ख. अथौबा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गत 11 नवम्बर से ही तनाव चरम पर है, जब पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोग हमार उग्रवादी थे, उन्होंने सीआरपीएफ कैंप और पास के राहत शिविर पर हमला किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# सांसद ने रेलवे से मिले सोने-चांदी के उपहार लौटाए



**आरा।** बिहार के आरा से लोकसभा सांसद सुदामा प्रसाद में एक अध्ययन यात्रा के दौरान रेलवे से सोने-चांदी के सिक्के तोहफ़े में मिलने पर दुख ज़ाहिर करते हुए कहा कि यात्री सुरक्षा से लेकर किराया वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों के बीच स्थायी समिति के सदस्यों को महंगे उपहार देना जनहित से जुड़े मुद्दों पर सांसदों को चुप कराने की साज़िश है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे की स्थायी समिति सदस्यों की 31 अक्तूबर से सात नवंबर, 2024 के बीच बेंगलुरु तिरुपति से हैदराबाद तक की अध्ययन यात्रा के दौरान आरआइटीइएस और रेल विकास निगम लिमिटेड ने उन्हें ये उपहार दिए थे। सुदामा प्रसाद को उपहार के तौर पर एक ग्राम सोने का सिक्का और सौ ग्राम चांदी का ब्लॉक मिले थे। इसे लेकर उन्होंने सांसद और रेलवे की स्थायी समिति के अध्यक्ष सीएम रमेश को संबोधित एक पत्र लिखकर निराशा व्यक्त की है।

सांसद ने रेलवे की स्टैंडिग कमेटी के चेयरपर्सन सीएम रमेश को लिखे पत्र में कहा है कि अतिथियों को फूल, शॉल, पेंटिंग और कुछ यादगार चीज़ें आम तौर पर स्वागत उपहार के रूप में दी जाती हैं. लेकिन भारतीय रेलवे द्वारा सोने का सिक्का और चांदी का ब्लॉक उपहार में दिए जाने का मुझे बेहद दुख है. ये बिलकुल अनैतिक है।

सांसद के पत्र में अवैतनिक सफाई कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों के उत्पीड़न और गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए सस्ती ट्रेन सेवाओं की कमी जैसे मुद्दों पर भी प्रकाश डाला गया है.


उन्होंने यात्री सुविधाओं और रेलवे कर्मचारियों की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब आज यात्री रेलवे सुरक्षा, किराया वृद्धि, सुविधाओं की कमी और भारतीय रेलवे द्वारा अपमानजनक व्यवहार जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में रेलवे की स्थायी समिति के सदस्यों को इस प्रकार के महंगे उपहार देना सार्वजनिक हित से जुड़े मुद्दों पर सांसदों को चुप कराने की गहरी साजिश भी है।

उन्होंने अपने पत्र में आगे कहा है कि आम लोग सामान्य और स्लीपर डिब्बों में बिना सम्मान के यात्रा करने के लिए मजबूर हैं. गरीब और मध्यम वर्ग के लिए कोई नई ट्रेनें शुरू नहीं की जा रही हैं, मुख्य रूप से वंदे भारत जैसी ट्रेनों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है. ऐसे में उन्होने स्थायी समिति के अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि वे भारतीय रेलवे प्रबंधन को निर्देश दें कि स्थायी समिति की बैठकों या आधिकारिक बैठकों के लिए साधारण आवास की व्यवस्था की जाए, न कि पांच सितारा होटलों की।

सुदामा प्रसाद ने कहा है कि वे एक संसद सदस्य के रूप में इस तरह के सौने और चांदी के उपहारों पर नाराज़गी और दुख व्यक्त करते हैं। वे इसे समिति के सदस्यों को लौटा रहे हैं।

**स्रोत : 'द वॉयर'**

## रूस पर दबाव बनाए अंतरराष्ट्रीय समुदाय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस द्वारा पारंपरिक हथियार से एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल ओरेश्निक को यूक्रेन में सफलतापूर्वक दागने पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर दबाव बनाने की अपील की। अमेरिका ने इसकी मध्यम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल के रूप में पहचान की है। पेंटागन ने इस मिसाइल परीक्षण के बाद कहा कि यह मिसाइल युद्ध क्षेत्र में एक नया खतरा पैदा करती है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर दबाव बनाने की अपील की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पुतिन ने कहा कि यह अब तक की सबसे उन्नत मिसाइलों में से एक है, जिसका वर्तमान में कोई तोड़ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस भविष्य में जब भी इस मिसाइल का इस्तेमाल करेगा, तो पहले इसकी सूचना देगा, ताकि नागरिक खतरनाक क्षेत्रों से बाहर निकल सकें। गुरुवार को एक टेलीविजन संबोधन में पुतिन ने कहा, हम मानवता को ध्यान में रखते हुए यह सूचना सार्वजनिक रूप से देंगे।

# नेतन्याहू पर बंटे पश्चिमी देश

- गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर अमेरिका नाराज
- इटली और कनाडा बोले, हमारे यहां आए तो करेंगे गिरफ्तार



**तेल अवीव, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) में वॉर क्राइम के आरोप झेल रहे इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गिरफ्तारी के लिए वॉरेंट जारी हो चुका है। अब मुद्दा यह है कि उनकी गिरफ्तारी कब, कहां और कैसे होगी। इसके अलावा नेतन्याहू की गिरफ्तारी के आर्डर पर पश्चिम देश आपस में बंटे नजर आ रहे हैं। कुछ देशों ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि नेतन्याहू ने उनके देश में पैर भी रखा तो वे उन्हें गिरफ्तार करने में देरी नहीं करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक अमेरिका ने नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट को मानने से इनकार कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जीन पियरे कोर्ट के फैसले लेने के तरीके पर सवाल उठाए हैं और इसे जल्दबाजी बताया है। यहां बता दें कि अमेरिका आईसीसी का मेंबर देश नहीं है। इधर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि आईसीसी के सदस्य होने के नाते वे नियमों का पालन करेंगे। लिहाजा यदि नेतन्याहू कनाडा आए तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लेंगे। इस संबंध में उन्होंने अपना बयान भी एक्स पर पोस्ट किया है। कनाडा की नीदरलैंड और इटली ने भी कहा है कि अगर नेतन्याहू उनके देश आते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर ने कहा कि वे नियमों का 100 प्रतिशत पालन करेंगे और नेतन्याहू के डच जमीन पर पैर रखते ही उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे।

### फ्रांस व नॉर्वे ने आईसीसी की कार्रवाई का किया समर्थन

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद देफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का समर्थन किया है। आईसीसी के प्री-ट्रायल चैंबर ने नेतन्याहू और गैलेंट पर 8 अक्टूबर, 2023 और 20 मई, 2024 के बीच मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध का आरोप लगाया है। इस बीच रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद देफ पर 7 अक्टूबर, 2023 से इजरायल और फिलिस्तीन के क्षेत्रों में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्टबाल में नर्मदापुरम की टीम को मिला कांस्य पदक

**इटारसी, देशबन्धु।** 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक वर्ग में नर्मदापुरम की टीम ने ब्राउन्ज मैडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों को जिला सॉफ्टबॉल संघ के संरक्षक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी, अश्वनी मालवीय, जॉय जैकब, आलोक चौधरी, निधि तिवारी और सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।



यह प्रतियोगिता टीकमगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में हमारे जिले के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से ब्राउन्ज मेडल प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर जिला सॉफ्टबॉल संघ के संरक्षक, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा, यह हमारे जिले के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमें उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी मैडम ने कहा, यह हमारे जिले के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमें उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अश्वनी मालवीय, जॉय जेकैब, आलोक चौधरी, निधि तिवारी और सभी खेल प्रेमियों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### संविदा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी 25 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 का पूर्ण लाभ दिए जाने, आयुष्मान कार्ड जारी करने एवं वेतन विसंगति के संबंध में संविदा स्वास्थ्य अधिकारी एवं



कर्मचारी 25 नवंबर 2024 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दिन बड़ी संख्या में संविदा एनएचएम कर्मचारी उपमुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री के आवास पर भोपाल जाकर ज्ञापन प्रेषित करेंगे। जिले से लगभग 674 संविदा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी उक्त दिवस को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने विभाग को दिया है। साथ ही सामूहिक अवकाश पत्र प्रेषित करते हुए निवेदन है किया है कि उक्त दिवस में कोई घटना दुर्घटना होती है, तो उसके लिए समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

### भैरव जयंती पर आज दो मंदिरों में होंगे हवन और भंडारे

**इटारसी, देशबन्धु।** काल भैरव जयंती कल शनिवार को मनायी जाएगी। नगर के दो मंदिरों में शनिवार 23 नवंबर को हवन-पूजन, आरती और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नगर में पूड़ी लाइन



स्थित भैरव बाबा मंदिर पर धूमधाम से भैरव बाबा जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान शाम 5 बजे हवन पूजन, शाम 7 बजे प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। भैरव बाबा मंदिर पूड़ी लाइन की समिति ने भक्तों से प्रसाद लेने आने का अनुरोध किया है। इसी तरह से हाईवे पर धौंखेड़ा तिराहा स्थित भैरव मंदिर में काल भैरव की जयंती पर सुबह 11 बजे से हवन-पूजन होगा। दोपहर 2 बजे से आरती और उसके बाद भंडारा होगा। जयंती आयोजन समिति ने भक्तों से हवन, पूजन और भंडारा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### संदीप का चयन आल इंडिया एसबीआई इंटर सर्किल हॉकी टीम में



**इटारसी, देशबन्धु।** हॉकी इटारसी के सक्रिय सदस्य संदीप भदौरिया का ऑल इंडिया एसबीआई की मध्यप्रदेश टीम में इंटर सर्किल के लिए चयन हुआ है। यह लगातार पांचवी बार है जब उनका चयन हुआ है। जिला हॉकी संघ ने उनकी इस उपलब्धि पर उनको शुभकामनाएं प्रेषि की हैं। संदीप मध्यप्रदेश एसबीआई टीम का प्रतिनिधित्व गोवा में करेंगे।

---

बारधा उद्वहन सिंचाई योजना बंद

## पानी को को तरसे खेत, किसानों का पैसा जमीन में दफ़न






### जलसंसाधन मंत्री से मिलकर बताएंगे योजना की जमीनी हकीकत

**इटारसी, देशबन्धु।** केसला ब्लॉक से लगभग 20 किमीटर दूर ग्राम बारधा रैयत के आदिवासी किसान अपने खेतों में पानी के पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व इन किसानों को इस योजना से पानी मिला, लेकिन इस वर्ष फिर जल संसाधन विभाग ने बजट का रोना रोकर किसानों को पानी नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि खेत पानी को तरस से हैं और जिन्होंने पानी की आस में बोवनी कर दी, उनका पैसा सूखी जमीन में दफ़न हो गया है।

इन किसानों को बारधा उद्वाहन लघु सिंचाई परियोजना के तहत लिफ्ट एवं 75-75 हार्सपॉवर के तीन मोटर जनरेटर से पानी नहीं मिल रहा हैं। इस साल बजट नहीं होने से जनरेटर नहीं चल पा रहा है। इस वजह से किसानों को रबी फसल के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। किसान श्रीराम यादव का कहना है कि गांव की करीब सौ हेक्टेयर भूमि पानी के इंतजार में है, कई किसान खेतों में बीज डाल चुके हैं, कुछ पानी के इंतजार में हैं। जिन्होंने बीज डाल दिया, उनका पैसा मानों जमीन में ही दफन हो गया है, क्योंकि विभागीय अधिकारी बजट नहीं होने की बात कह रहे हैं।

**सौ से अधिक किसानों की आस टूट रही**- बारधा उद्वहन लघु सिंचाई परियोजना से लिफ्ट के जरिए मोटरों से गांव बारधा समेत आसपास के गांवों के लगभग 100 से अधिक किसानों की सौ हेक्टेयर फसल सिंचित होती थी। सिंचाई विभाग के अधिकारी इस परियोजना को बिजली कनेक्शन न होने से जनरेटर से चला रहे थे। विभाग कुछ दूर पाइप लाइन बिछाकर नहर में पानी छोड़ता है। जहां से किसानों के खेतों में पानी पहुंचाया जाता है।

किसान गोकुल कुरकांजी कहना है कि बारधा रैयत में लगभग 100 किसान खेती करते हैं, जिनका रकबा लगभग 100 हेक्टर है। किसानों ने महंगे बीज- खाद लिए हैं। अगर नहर से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो किसानों के परेशानी हो जाएगी।

### जेनरेटर के लिए डीजल की व्यवस्था करे विभाग

किसान संजू ने कहा कि पानी नहीं होने से गेहूं, चना और सरसों की फसल खत्म हो जाएगी। किसानों को इस नुकसान से बचाने के लिए प्रशासन बारधा सिंचाई परियोजना के जनरेटर के लिए डीजल की व्यवस्था करें, ताकि 100 से अधिक किसानों को पानी मिल सकें।

### शिवराज को याद कर रहे किसान

किसानों का कहना है कि शिवराज सिंह के राज में पानी मिला है, इस वर्ष किसानों को पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में किसानो को अब जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने के अलावा कोई चारा नहीं है, जल्द ही किसान भोपाल जाकर विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर योजना की जमीनी सच्चाई से अवगत कराएंगे।

### इनका कहना है...

हमने अपने यहां से सारी कार्यवाही करके अनुमति के लिए उच्च स्तर पर भेज दिया है, अभी तक अनुमति नहीं आयी है। यदि अनुमति आयी तो पानी मिल जाएगा, हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द पानी मिल जाए।

- **अंकित सराफ,** ईई जल संसाधन

## रेलवे स्कूल, इटारसी में वियान 2024 प्रतियोगिता का समापन

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंधोपाध्याय ने सीनियर सैकंड्री स्कूल नयायार्ड में आयोजित वियान 2024 प्रतियोगिता के समापन समारोह में दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यह आयोजन महाप्रबंधक की प्रेरणा से किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना और उनकी प्रतिभा को निखारना था।

अंतर-मंडलीय रेलवे शालेय सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता वियान 2024 में पश्चिम मध्य रेलवे ज़ोन के चार प्रमुख रेलवे स्कूलों न्यू कटनी, गंगापुर सिटी, जबलपुर, और इटारसी के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन में विभिन्न खेलकूद



और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे, जिनमें छात्रों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 4×100 रिले रेस, हाई जंप, और लॉन्ग जंप जैसे व्यक्तिगत मुकाबलों के साथ-साथ कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल जैसे टीम खेल आयोजित किए गए। इनमें कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के बालक-बालिकाओं ने अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, गायन, समूह गायन, समूह नृत्य और नाटकों ने माहौल को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने उनकी कलात्मक प्रतिभा और टीम वर्क को उजागर किया।

समापन समारोह में महाप्रबंधक ने विजेताओं को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देती हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण गुण भी विकसित करती हैं। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), इटारसी नीरज कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, और उनके परिजन शामिल हुए।

## विश्व शांति विषय पर लायंस क्लब ने कराई पीस पोस्टर प्रतियोगिता



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस इंटरनेशनल विश्व शांति के प्रति स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करता है जिसमें नियमानुसार 11,12,13 वर्ष की उम्र के बच्चे प्रतिभागी हो सकते है। इसी क्रम में इस वर्ष लायंस क्लब इटारसी कपल के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ मनीष शाह, पूर्व गवर्नर एमजेएफ अनिल झा, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एमजेएफ रेखा पटेल के मार्गदर्शन और अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से राष्ट्रभारती हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सचिव शिल्पी सराठे और कोषाध्यक्ष रितु मोर ने बताया की इस वर्ष की थीम पर 80 से अधिक बच्चों ने बहुत ही सुंदर और आकर्षित विभिने रंगों का समावेश करते हुए ड्राइंग बनाई। अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में विजेता का चयन क्लब स्तर से डिस्ट्रिक्ट, मल्टीपल और आखिरी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होता है और विजेता बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिजनों की उपस्थिति में सम्मान किया जाता है। हालांकि विजेता बच्चों का शहर और डिस्ट्रिक्ट स्तर पर भी सम्मान किया जाता है और सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाता है।

प्रतियोगिता को संपन्न कराने में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती आरती जायसवाल का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही आयुषी, रश्मि, रागिनी, नेहा, मोनिका, मीनाक्षी, कोमल, निधि, ममता, पूजा का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में पीटीएस के साथ ही क्लब से संजय अग्रवाल, कुंदन गौर, काजल साहू, श्रुति साहू, सुनील सराठे और स्कूल की पूरी टीम की उपस्थित रही। प्राचार्या ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। क्लब की तरफ से सभी बच्चों को पेन और चॉकलेट वितरित किए। अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत लोकगीत और लोक नृत्य विधाओं का आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत सरस्वती पूजन के साथ, सरस्वती वंदना, एकल लोक गीत, समूह लोकगीत एवं एकल लोक नृत्य, समूह लोक नृत्य का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत मालवी, निमाड़ी और बुदेली लोकगीतों का आयोजन किया साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित एकल और समूह लोक नृत्य का भी आयोजन किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर राकेश मेहता, निर्णायक डॉक्टर कृष्णा, डॉ ओपी शर्मा, डॉ रश्मि तिवारी, कुजूर मैडम, एकता का भी विशेष सहयोग रहा। इस दौरान ज्योति, दीक्षा सहित महाविद्यालय का स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन मीरा यादव ने किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्वता उसके योगदान के बारे में भी महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकगीत एवं लोक नृत्य भारतीय संस्कृति की धरोहर एवं पहचान है जिसे संजोए रखना और नई पीढ़ी में अभिसंचित करना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने परिणामो की घोषणा की। सभी को प्रमाण पत्र 23 नवंबर को वितरित किए जाएंगे।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ नेताओं ने किया रेलकर्मियों से संपर्क



**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे ने संघ के भूतपूर्व सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मचारियों की मीटिंग ली एवं आरके शर्मा, बिल मिश्रा ने टिमरनी, हरदा, बानापुरा, के सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों से जनसंपर्क किया।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह मंडल अध्यक्ष आरके पांडे छनेरा स्टेशन से वीड़ और खंडवा स्टेशन पर सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों से जनसंपर्क यात्रा के अंतर्गत मिले एवं मान्यता के चुनाव में गाय पर मोहर लगाकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। दूसरी टीम में आरके शर्मा, बिल मिश्रा, अर्जुन ऊंटवार के साथ टिमरनी, हरदा, बानापुरा स्टेशन पर सैकड़ों रेलवे कर्मचारी ट्रैकमैन साथियों एवं अपॉइंटमेंट साथियों से मिलकर गाय पर मोहर लगाकर विजय बनाने की अपील की।

मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौड़, मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, अरविंद चौधरी, दुर्गेश कुमार मौर्य के साथ छोटे-छोटे स्टेशनों पर जाकर पोस्टर लगाकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कहा। कर्मचारियों को बताया कि हम केवल सभी रेलवे कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम चाहते हैं, जो दूसरा संगठन है वह प्रशासन से मिलकर एनपीएस और यूपीएस को लागू किया है।

## विकसित भारत के उद्देश्य को लेकर सेना के जवानों ने निकाली 6 सौ किमी की साइकिल यात्रा

### केंद्रीय परीक्षण संस्थान में हुआ 102 इंजीनियरिंग रेजिमेंट का स्वागत

**इटारसी, देशबन्धु।** विकसित भारत के उद्देश्य के साथ 102 इंजीनियर रेजिमेंट से लेफ्टिनेंट अभिजित श्रीवास्तव एवं10 सैन्य जवानों ने विकसित भारत यात्रा भोपाल से प्रारंभ की जिसका उद्देश्य, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने, स्कूल के छात्रों को सेना के प्रति जागरूक करने के लिए भोपाल से 10 दिवसीय 600 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाल जा रही है।




यहयात्रा इटारसी के केंद्रीय परीक्षण संस्थान में पहुंची जिनका स्वागत केंद्रीय परीक्षण संस्थान के प्रमुख स्थानापन्न समादेशक लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कृष्णायन, लेफ्टिनेंट कर्नल एएस गायकवाड़, लेफ्टिनेंट कर्नल संजय जुआल, लेफ्टिनेंट कर्नल धीरज खन्ना, लेफ्टिनेंट कर्नल असविंदर पाल सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल हीरा सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर गर्ग, आरएमओ मेजर अरविंद, सुबेदार मेजर अभिनेष पी, सूबेदार श्रीकांत पुजारी, इंजीनियरिंग एसोसिएशन से किशोर तामसीकर, कार्य समिति से उपाध्यक्ष देवेंद्र सेन, सदस्य सुरेन्द्र सिंह मेहरा उपस्थिति थे।

इस मौके पर संस्थान प्रमुख स्थानापन्न समादेशक लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कृष्णायन ने 102 रेजिमेंट कि इस पहल की तारीफ की और संस्थान की ओर से शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ 102 इंजीनियर रेजिमेंट ने बताया कि वह केंद्रीय विद्यालय-2 इटारसी में भी छात्रों को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे एवं तिलक सिन्दूर का दौरा करेंगे और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे, और फिर यह यात्रा भोपाल की ओर प्रस्थान करेगी।

## 4 टीमों ने आधा सैंकड़ा शहरों की खाक छानकर पकड़ा शातिर बदमाश

- दस दिन में जीआरपी के हाथ लगा पाटलीपुत्र का लुटेरा
- सिंगरौली जिले के विकास ने की थी महिला यात्री से लूट
- खुद को चाकू मारकर लहूलुहार कर डराया था यात्रियों को





**इटारसी, देशबन्धु।** जीआरपी ने 12 नवंबर को पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में चाकू की नोंक पर एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने वाले बदमाश को दस दिनों में करीब आधा सैंकड़ा शहरों की खाक छानकर पकड़ा है। इसके लिए एसपी रेल ने चार टीमें गठित की थीं, जिनमें थाना प्रभारी निरीक्षक राम स्नेह चौहान भी शामिल रहे। दस दिन लगातार पीछा करके आखिर में नर्मदापुरम और बाबई के बीच फोरलेन के पुल के नीचे बस से उतारकर उसे गिरफ्तार किया। बदमाश भोपाल में पुलिस को चकमा देकर सिंगरौली भागने के लिए पिपरिया की यात्रा कर रहा था।

उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर को पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में एक बदमाश को यात्रियों ने पकड़कर उसकी पिटाई की और हाथ पीछे बांध दिये थे। इसका वीडियो भी जारी हुआ था जिसमें बदमाश यात्रियों को भाषण दे रहा था कि वह बेरोजगार है, घर में बहन है, परिवार को पालने के लिए चोरी करता है। कामधंधा करने के लिए एक यात्री के सुझाव पर बोल रहा था कि तीन सौ रुपए रोज में आज होता क्या है? जबकि जीआरपी की जांच में पता चला है कि यह बदमाश जितने भी अपराध करता था, उसमें मिले पैसों से अय्याशी करता था, घर नहीं जाता था।

**देशभर में चर्चित हुआ था मामला**- सोशल मीडिया पर वीडियो जारी होने के बाद यह मामला बदमाश के भाषण देने के अंदाज से देशभर में चर्चित हुआ था। इस बदमाश पर करीब तीन अपराध पूर्व के अन्य थानों के भी हैं। ज्यादा अपराध नहीं होने से इसकी पहचान मुश्किल हो रही थी। जीआरपी ने कई शहरों की खाक छानी, यह हर जगह से चकमा देकर निकल जाता था। जीआरपी पर इसे पकड़ने के लिए भारी दबाव था, क्योंकि मामला दिल्ली तक पहुंच चुका था। जीआरपी ने दस दिनों की मेहनत के बाद इसे गिरफ्तार कर ही लिया है। इसके लिए जीआरपी की चार टीमों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जीआरपी इसका रिमांड लेकर लूटी गयी सोने की चेन और अन्य अपराधों की जानकारी लेगी।

**पहली बार किया ऐसा अपराध**- बदमाश छिटपुट चोरी के अपराध करता रहा है। इस तरह से चाकू की नोंक पर पूरे नाटकीय अंदाज में लूट का अपराध उसने पहली बार किया है। पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में अपराध करके यह पगढाल स्टेशन के पास चेन पुलिंग करके जनरल कोच से कूदकर भाग निकला था। इसके बाद कई शहरों में भटकता रहा। मूल रहवास जिला सिंगरौली भी गया, लेकिन शातिर होने से मोबाइल बंद रखता रहा और कभी बस तो कभी ट्रेन से सफर करके पुलिस को चमका देता रहा था। भोपाल में इनपुट मिलने के बाद टीम पहुंची तो इसे भनक लगी और यह बस से भोपाल से नर्मदापुरम और यहां से पिपरिया जा रहा था। जीआरपी ने फोरलेन ब्रिज के नीचे उतार लिया।

**सिंगरौली का निवासी है बदमाश**- बदमाश विकास पटेल पिता भाईलाल पटेल 26 वर्ष ग्राम मिढोली थाना मोरवा जिला सिंगरौली का रहने वाला है। इससे जीआरपी ने आठ मोबाइल और एक टैब जब्त किया है। कुल जब्त माल की कीमत करीब तीन लाख दस हजार रुपए है। इसे गिरफ्तार करने में निरीक्षक रामस्नेह चौहान, एसआई श्रीलाल पडरिया, आरएस बकोरिया, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, दिलीप सेन, हरिओम, गोकल प्रसाद, अंकित, विष्णु मूर्ति, सुमित, अमित, राजेन्द्र, अमित जीआरपी इटारसी, सायबर सेल भोपाल से एएसआई बृजेश शर्मा, आरक्षक संतोष पटेल एवं वीएलआर कंट्रोल रूम भोपाल के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

**यह थी घटना**- 12 नवंबर को मुंबई महाराष्ट्र निवासी राकेश कुमार प्रसाद पाटलीपुत्र एक्सप्रेस के कोच एस-7 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से एलटीटी की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान इटारसी स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद एक चोर ने उनकी पत्नी का पर्स चोरी करने का प्रयास किया तो महिला की नींद खुल गयी। महिला के चिल्लाने पर अन्य यात्रियों ने चोर को पकड़ लिया जो काले रंग का शर्ट और जींस पहना था। यात्रियों ने उसकी ही शर्ट से उसके हाथ पीछे बांध दिये थे। थोड़ी देर बाद शातिर बदमाश ने अपने दोनों हाथ खोल लिये और पेंट की जेब में रखा बटन वाला खटकेदार चाकू निकालकर राकेश कुमार पर वार किया, बचाव करने के दौर कुछ जख्म उनकी हाथों पर आये। उसने पेट पर वार किया तो राकेश की पत्नी ने उसका हाथ पकड़ लिया। चोर ने राकेश की मां के गले से सोने की चेन छीनकर ट्रेन की चेन पुलिंग करके भाग गया था।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### 15 केन्द्रो से नगद खाद विक्रय का होगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला विपणन अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में खाद वितरण कि व्यवस्था सरल एवं सुगमता से उपलब्ध हो सके इस हेतु नवीन नगद खाद विक्रय केन्द्र खोले गए है।

विपणन संघ द्वारा पूर्व में 6 भंडारण केन्द्रो से खाद का वितरण किया जा रहा था एवं 4 अतिरिक्त नगद खाद विक्रय केन्द्र एक कृषि मंडी सोहागपुर, एक विपणन सहकारी समिति बानापुरा, एक सहकारी समिति वुधवाडा एवं एमपी एग्रो गोदाम बनखेडी (प्रक्रियाधीन) में संचालित किया जा रहा है।इस प्रकार विपणन संघ द्वारा जिले में 9 नगद खाद विक्रय केन्द्र का संचालन किया जा रहा है एवं एमपी एग्रो गोदाम बनखेडी सोमवार तक प्रांरभ किया जाना सम्भावित है। नर्मदांचल विपणन सहकारी समितियो के माध्यम से 2 केन्द्र एक मंडी नर्मदापुरम ओर एक मंडी रैसलपुर में संचालित हो रहे है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप संचालक उद्यान नर्मदापुरम ने बताया कि ई-दक्ष केंद्र नर्मदापुरम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनांतर्गत जिला स्तरीय डीआरपी एवं उद्यमियों की संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राही, जिले के डीआरपी, जिला रिसोर्स पर्सन उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।प्रशिक्षण सत्र में जिला प्रशासन, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार, मल्टी-वेंडर ई-कॉमर्स वेबसाइट के विकास और कार्यान्वयन का कार्य हेतु वेबसाइट योजनांतर्गत लाभान्वित विक्रेता व खरीदार प्रबंधन, भुगतान गेटवे, शिपिंग पार्टनर एकीकरण तथा उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस शामिल होंगे। जिसके सम्बन्ध में जिला परियोजना अधिकारी ई गवर्नेस संदीप चौरसिया द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### टिटनेस से बचाव हेतु निजी स्कूलो में लगाये जा रहे टीके

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलो में छात्र/छात्राओ में होने वाली टिटनेस बीमारी से बचाव के लिये टी.डी. के टीके प्रत्येक गुरूवार को लगाये जा रहे है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया की स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से स्कूल शिक्षको को बताया गया है, कि वे अपने छात्र/छात्राओ को आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर की स्कूल दिवस में अनिवार्य रूप से साथ लेकर आए, जिससे यूविन पोर्टल पर आनलाईन टीकाकरण एन्ट्री की जा सके। गत दिवस जिले के 111 निजी स्कूलो में टीडी टीकाकरण अभियान संचालित किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के वर्मा ने बताया कि पंजीकृत समस्त स्कूलो में कक्षा 1 एवं 5 व कक्षा 11 के विद्यार्थीयो का डीपीटी/टीडी टीकाकरण शिक्षा विभाग के समन्वय से संचालित किया गया।

### प्रगणक घर-घर जाकर पशुओं की गणना करेंगे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें नर्मदापुरम ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशन में, मध्यप्रदेश में 21वीं पशु संगणना का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पशुपालकों के पशु जैसे गाय-बैल, भैंस, बकरा-बकरी, भेड़, घोड़ा-घोड़ी, कुत्ते, ऊंट आदि की गणना की जाएगी। प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रगणक घर-घर जाकर पशुओं के बार में जानकारी एकत्रित कर संकलित करेंगे। ताकि पालतू पशुओं के हित, संरक्षण में योजनाओं बनाई जाकर क्रियान्वित की जा सके।

### 2 ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोलने हेतू आवेदन 6 दिसम्बर तक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम ने बताया कि अनुविभाग नर्मदापुरम में तहसील माखननगर अन्तर्गत वर्तमान में परिसीमन उपरांत नवीन गठित 2 ग्राम पंचायत नयामाना एवं नयाबोरी शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन है। शासन के आदेशानुसार 2 नवीन उचित मूल्य दुकान उक्त ग्राम पंचायतों में खोला जाना है। उचित मूल्य दुकान खोले जाने हेतु ऐसी सहकारी सोसाइटी अधिनियम, के अंतर्गत वर्गीकृत सोसाइटी उपभोक्ता सोसाइटी, विपणनं सोसाइटी, उत्पादक सोसाइटी, संसाधन सोसाइटी, बहुप्रयोजन सोसाइटी, महिला स्व-सहायता समूह, संयुक्त वन प्रबंधन समिति जिनका कार्यक्षेत्र उक्त ग्राम पंचायत है एवं उनका पंजीयन 1 वर्ष पुराना है नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान हेतु पात्र होंगी। उचित मूल्य दुकान हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकृत समिति, स्व सहायता समूह खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश के पोर्टल पर 06 दिसम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# संभागायुक्त ने फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा की

## स्वीप की गतिविधियां तेज करने तथा युवा मतदाता के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को 1 जनवरी 2025 के अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचन नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने नए मतदाताओं के नाम विशेष तौर पर युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से जुड़वाने के लिए स्वीप की गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि महिलाएं एवं युवा तथा वे मतदाता जो 18 वर्ष के हो चुके हैं या किसी कारणवश जिनका नाम मतदाता सूची से जुड़ने से वंचित रह गया है। ऐसे नव मतदाताओं का नाम प्राथमिकता से मतदाता सूची मे जोड़े जाएं। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री केजी तिवारी को जिले के लिए रोल आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। तत?संबंध में संभागायुक्त ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में मतदाता सूची तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचन नामावली की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य की समीक्षा की।

संभागायुक्त ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह मतदान केन्द्र के लिए अपनी अपनी पार्टी से बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से प्राप्त किया जा रहे दावे आपत्ति के संबंध में जानकारी लेते रहे। संभागायुक्त ने कलेक्टर को निर्देश दिये कि रिमोट एरिया में बीएलओ घर-घर



जाकर मतदाता सूची का सर्वे करें जो नाम छूट गए हैं उन्हें प्राथमिकता से जोड़े। जो मतदाता मृत या स्थानांतरित हो गए हैं उनके नाम हटाने की कार्रवाई की जाए। विवाह होकर दूसरी जगह से आई हुई वधुओं के नाम भी नए पते के साथ जोड़े जाएं एवं पता भी त्रुटि रहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया जा चुका है। दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान मतदाता सूची से प्राथमिकता से नाम जोड़ने के लिए विशेष शिविर भी आयोजित किये जा चुके हैं। दावा एवं आपत्ति का निराकरण 24 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा तथा नामावली के हेल्थ पैरामीटर को जांचना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की तिथि 1 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है, तथा निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। बताया गया कि प्रारूप 6 में केवल नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे इस हेतु मतदाताओं को प्रारूप 6 बीएलओ के माध्यम से आवेदन करना होगा। प्रारूप सात में पूर्व से दर्ज किसी अन्य मतदाता के नाम को हटाने किसी अन्य मतदाता के नाम हटाने हेतु आपत्ति प्रस्तुत करने एवं स्वयं के नाम को विलोपित करने हेतु आवेदन किए जाएंगे। वही प्रारूप 8 में मतदाता अपने निवास का पता स्थानांतरित करने, नामावली की प्रविष्टियों के सुधार एवं बिना संशोधन के नवीन मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करना तथा दिव्यांग मतदाताओं के रूप में चिन्हांकन हेतु भरे जाएंगे।

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 48 हजार 29 है वही पीडब्लूडी मतदाताओं की संख्या 9 हजार 337 है। कुल 1187 मतदान केंद्र हैं। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से मनोहर बडानी, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि अनोखेलाल राजोरिया, बहुजन समाज पार्टी से रामबाबू बरुआ, बहुजन समाज पार्टी से रतनलाल बकोरिया एवं आम आदमी पार्टी से राजेंद्र मालवीय, कलेक्टर सोनिया मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौजन सिंह रावत, अपर कलेक्टर श्री डीके सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

संभागायुक्त केजी तिवारी ने शुक्रवार को नर्मदापुरम के तहसील कार्यालय नगर एवं तहसील कार्यालय ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, सीमांकन के दर्ज प्रकरणों की अदयतन स्थिति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज ऑनलाइन प्रकरणों की अदयतन स्थिति का भी अवलोकन किया। बताया गया कि आरसीएमएस पोर्टल में ऑनलाइन प्रकरण ही लिए जा रहे हैं। ऑफलाइन प्रकरण नहीं लिए जा रहे हैं। संभागायुक्त ने दो अविवादित बटवारा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत होने पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की सराहना की और कहां की ऐसे ही टाइम से सभी प्रकरण निराकृत निराकृत किए जाएं। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण 30 दिन में एवं अविवादित बंटवारा के प्रकरण 90 दिन में हर हाल में निराकृत किए जाएं। नरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संभागायुक्त को अवगत कराया। संभागायुक्त ने उनकी समस्याओं का यथोर्चित निराकरण करने का आश्वासन देते हुए कहा कि नजूल कोर्ट मे केस यदि रजिस्टर्ड होने में समय लग रहा है तो ऑपरेटर बढ़ाकर कार्य की गति को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने डायवर्सन के लिए ओटीपी के संबंध में सभी अधिवक्ताओं को एसडीएम के साथ बैठकर प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए।

## तहसील कार्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति देखी

संभागायुक्त केजी. तिवारी ने शुक्रवार को नर्मदा पुरम के तहसील की निर्वाचन शाखा में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधित करने एवं नाम काटने के लिए तहसील क्षेत्र से आए हुए फॉर्म 6, 7 एवं 8 की प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संशोधित करने एवं नाम कटवाने के लिए बीएलओ के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। यदि सभी आवेदनों में संलग्न दस्तावेज के आधार पर मतदाता के नाम सूची में जोड़ने संशोधित करने एवं सूची से नाम हटाने की कार्रवाई की जानी है तो की जाए। संभागायुक्त ने कहां की यदि



किसी आवेदन में नॉमिनल त्रुटि है तो अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने बीएलओ को बुलाकर उस त्रुटि का समाधान करें। उन्होंने कहा कि किसी फॉर्म में नाम पता स्थानांतरण या नाम जोड़ना या हटाने की कार्रवाई की जानी है तो पर्याप्त दस्तावेज के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रोग्रामर जितेंद्र ने ऑनलाइन आए हुए बीएलओ से प्राप्त फार्म 6, 7, 8 की प्रगति से संभागायुक्त को अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना, अपर कलेक्टर डीके सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, एसडीएम श्रीमती नीता कोरी, सिटी मजिस्ट्रेट एवं नजूल अधिकारी बृजेंद्र रावत, तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव, नायब तहसीलदार श्रीमती सृष्टि डेहरिया, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री पंकज दुबे, सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जीओआई टीम ने संस्थाओं का निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य व्यवस्था

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग की भारतीय गवर्नमेंट ऑफ इंडिया (जीओआई) टीम के द्वारा जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का तीन दिवसीय भ्रमण एवं निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखा गया। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि जिला चिकित्सालय, जिला क्षय केंद्र, एनसीडी सेल, स्टोर, ब्लड बैंक, मैटरनिटी विंग आदि एवं इटारसी, सिवनीमालवा और सोहागपुर ब्लॉक का निरीक्षण किया, भ्रमण के पहले दिन जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखकर टीम ने संतोष व्यक्त किया तथा दूसरे दिन सिविल



अस्पताल इटारसी, पीएचसी जमानी, एचडब्ल्यूसी पीपल ढाना तथा पोडीखेड़ी तथा सीएचसी सोहागपुर एचडब्ल्यूसी नयागव, गुर्रामखेड़ी आदि संस्थाओं का निर्माण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया, जीओआई टीम में डॉ कादिर खान के साथ जिले से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आर के वर्मा, एसटीएलएस देव नारायण खापरे, चंद्रप्रकाश मलैया, एमएंडई अनुष्का मालवीय, डेम अखिलेश गीते उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र विक्रम नगर रसूलिया को नर्सरी प्ले स्कूल में उन्नयन किया गया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संचनालय महिला एवं बाल विकास के आदेश अनुसार, पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया एवं परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम शहरी श्रीमति प्रीति यादव के मार्गदर्शन एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती आस्था शिवहरे के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र विक्रम नगर रसूलिया को पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत केंद्र को नर्सरी प्ले स्कूल में उन्नयन किया गया।



कार्यक्रम के शुभारंभ में वार्ड पार्षद महिमा रोहित गौर के द्वारा फीता काटकर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभन किया गया। जिसमें उपस्थित बच्चों को तिलक लगाकर एवं माला पहनकर बच्चों का स्वागत किया गया एवं बच्चों को उपहार में खिलौने दिए गए। श्रीमती मीनाक्षी मदरे एवं राहुल परसाई के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को उपहार में आंगनबाड़ी केंद्र के उन्नयन के लिए कुर्सी दी गई। अशोक यादव एवं अनीता मालवीय के द्वारा बच्चों के लिए ड्रेस दिया गया एवं केंद्र पर नाश्ते के लिए रेखा मालवीय के द्वारा कटोरी एवं प्लेट दिए गए। श्रीमती अलका दीवान और मीना सराठे के द्वारा केंद्र पर बच्चों के खेलने के लिए खिलौने प्रदाय किए गए एवं सामाजिक सहयोग से आंगनबाड़ी के उन्नयन के लिए बच्चों के लिए स्लाइड प्रदाय की गई। मंडल अध्यक्ष रोहित गौर के द्वारा आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया गया। वार्ड वासियों ने आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल के उन्नयन को लेकर विशेष उत्साह रहा। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक आस्था शिवहरे कार्यकर्ता अर्चना गोरेले, सेवंती वर्मा, चंद्रकला शर्मा, ज्योति ठाकुर, पुष्पा यादव एवं सहायिका सुषमा, कविता गौर वार्ड वासियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

### 14 दिसंबर को होगी वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में 14 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत जिला नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा के न्यायालयों में आयोजित की जायेगी। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, सिविल, भू-अर्जन आदि के मामलें रखे जायेंगें। साथ ही ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में नहीं पहुंचे है, उन्हें भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर इस लोक अदालत में निपटाया जायेगा। प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में जलकर, संपत्तिकर, बैंक ऋण वसूली, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि के मामले रखे जायेगें, जिनमें संबंधित विभागों द्वारा अधिभार में छूट भी प्रदान की जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शशि सिंह द्वारा ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके मामलें न्यायालय में लंबित है से अपेक्षा की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का शीघ्र एवं सुलभ निराकरण करायें। उन्?होने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण पर पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा इससे पक्षकारों में द्वेष तथा वैमनस्यता की भावना समाप्त होती है, इसलिए पक्षकारों को अपने अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ लेना चाहिए।

## अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र 30 तक भर सकेंगे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालिक प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (द्वितीय अवसर) परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षार्थियों द्वारा केवल ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र पूर्व के अनुक्रम के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा के अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी पात्रता अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र 20 नवंबर से 30 नवंबर तक सामान्य शुल्क के साथ भर सकेंगे। निर्धारित तिथि 30 नवंबर के पश्चात रह गए परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क एवं विलम्ब शुल्क 500 रूपये के साथ आवेदन पत्र 5 दिसंबर तक भर सकेंगे।

बताया गया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में प्रथमबार परीक्षा में सम्मिलित हुए, छात्रों को द्वितीय अवसर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित किसी भी भाग में रहे छात्र सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष में प्रवेशित पंजीकृत छात्र जिन्होंने प्रथम अवसर मुख्य परीक्षा में परीक्षा आवेदन नहीं भरा है द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे। परीक्षा कार्यक्रम पृथक से घोषित किया जाएगा बताया गया कि छात्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन पत्र एवं प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम परीक्षा (प्रथम/द्वितीय वर्ष) शुल्क, दो विषयों तक की परीक्षा शुल्क 2 हजार रूपये, चार विषयों तक का परीक्षा शुल्क 4 हजार रूपये, चार से अधिक विषयो का परीक्षा शुल्क 6 हजार रूपये, नामांकन शुल्क 350 रूपये एवं ग्राहयता शुल्क (केवल अन्य राज्य, अन्य बोर्ड से आये छात्रों हेतु) 800 रूपये निर्धारित तिथि में जमा कर सकतें है।

## विस्थापन के लिए दावे आपत्ति 26 तक आमंत्रित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** तहसीलदार, तहसील सिवनीमालवा ने बताया कि आवेदक संस्था परियोजना प्रशासक, तवा कालोनी सिवनीमालवा द्वारा ग्राम लोखरतलाई, तहसील सिवनीमालवा, जिला नर्मदापुरम स्थित भूमि सर्वे नं 4/2, रकवा 18.186, संपूर्ण भूमि का मोरण्ड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना हेतु विस्थापन के लिए परियोजना प्रशासक मोरण्ड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना तवा कालोनी सिवनीमालवा राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरण किये जाने का आनलाईन आवेदन तहसीलदार न्यायालय को प्राप्त हुआ है। बताया गया कि उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 26 नवम्बर तक न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्?त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## स्कूली वाहनों की जांच, हिदायत एवं सुधार के साथ काटे जा रहे हैं चालान



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के स्कूलों में पहुंचकर स्कूलों में चलने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। जांच में कमी पाए गए वाहनों को शीघ्र पूर्ण करवाने तथा बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न करने के अलावा स्कूली छात्र छात्राओं को ले जाने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग, तीव्र गति तथा परमिट की जांच की जा रही है, साथ ही बच्चो से चालक परिचालक के फीडबैक लिए जा रहे है। प्रारंभिक जांच में कुल 17 बसों की जांच की गई, जिसमें कमी पाई गई बसों को अच्छी स्थिति में ही संचालित करने के निर्देश आरटीओ अधिकारी द्वारा दिए गए है। इसके अतिरिक्त शहर की सड़कों पर जगह जगह रुककर सवारी भरने वाली बसों पर कार्यवाही की जा रही है, जिसमे आज दिनांक को नर्मदा कॉलेज तिराहे से 3 बसों को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया है।

# जिले में चलाया गया राजस्व महाअभियान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया कि म.प्र.शासन राजस्व विभाग की मंशा अनुसार जिला नर्मदापुरम अंतर्गत कृषकों के भूमि संबंधी मसले हल करने के लिए जिले में नामांतरण, बटवारे, सीमांकन, बटांकन एवं नक्शा दुरूस्ती, ई-केवायसी खसरा लिंकिंग का राजस्व महाअभियान चलाकर निराकरण कराया गया। इस महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना हेतु समग्र ईकेवायसी एवं खसरा लिंकिग कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराया गया।

राजस्व महा अभियान के दौरान जिला नर्मदापुरम अंतर्गत नामांतरण के कुल 3286 प्रकरणों का, बंटवारा के कुल 390 प्रकरणों, अभिलेख दुरूस्ती के 262 प्रकरणों, नक्शा तरमीम अंतर्गत 30290 खसरों में बटांकन का कार्य पूर्ण किया गया। राजस्व संबंधी सभी मदों में शत-प्रतिशत निराकरण किया गया। लंबित प्रकरणों का राजस्व महाअभियान के प्रारंभ में जिले की 936 ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तर पर बी-1 वाचन संबंधित हल्का पटवारी से कराया गया।

बताया गया कि महाअभियान के दौरान जिला, तहसील एवं क्षेत्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने तथा मैदानी अमले को आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय अमला अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को नियुक्त किया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा तहसील स्तर पर जाकर अभियान की प्रगति की प्रत्येक पटवारीवार समीक्षा की गई। प्रत्येक सप्ताह कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की उपस्थिति में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व अभियान के कार्यों की लंबे समय से चले आ रहे प्रकरणों जो अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदार के कोर्ट में दर्ज थे कि बिन्दुवार समीक्षा कर उनका निराकरण भी करवाया गया।

## अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग नर्मदापुरम द्वारा गत दिवस करबलाघाट नर्मदापुरम से रेत का अवैध उत्खनन करने पर 1 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। शुक्रवार को ग्राम बाबरी-डिमावर, तह.-सिवनीमालवा से नर्मदा नदी में रेत का अवैध उत्खनन करने पर 8 मोटर वोट जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त



कार्यवाही में दिवेश मरकाम खनि अधिकारी, पिंकी चौहान खनि निरीक्षक नर्मदापुरम तथा पुलिस बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
हरदा, जिला हरदा

ULB Code-802342
Email:cmoharda@mpurban.gov.in
Contact:-07577-222235,235301

क्रमांक/स्व.भा.मि./2024/6438 दिनांक 08.11.2024

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी अतर्गत SBM ODF++ के मापदण्डों के आधार पर मूल्यांकन पश्चात निकाय को ODF++ शहर घोषित किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति एवं सुझाव कार्यालय में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है।

आप के द्वारा प्रेषित आपत्ति एवं सुझावों के आधार पर नगर पालिका परिषद हरदा को ODF++ शहर घोषित किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**

# अभिमत

*जंगलों में वन खाद्य, कंद मूल हैं। जड़ी बूटी और औषधियां हैं। इनके साथ जुड़ा हुआ परंपरागत ज्ञान है और इसके साथ जीवामृत व जैविक खाद के आधुनिक ज्ञान को जोड़कर बदलाव लाया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा के साथ लोगों की आजीविका की सुरक्षा की जा सकती है। देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया जा सकता है। जैव विविधता के साथ पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है।*

## विविधता की कृषि संस्कृति का जवाब नहीं

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा विविधता वाला राज्य है। यहां कृषि की कई पद्धतियां हैं, जिसे किसानों ने सैकड़ों सालों से विकसित किया है। कृषि संस्कृति से जुड़े कई तीज-त्यौहार भी हैं। सांस्कृतिक विविधता भी छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख पहचान है। आज इस कॉलम में खेती से जुड़ी इन्हीं विविधताओं पर चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे खेती को समग्रता से जाना समझा जा सकें।

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश हैं, यहां इसके कई रूप रंग हैं। अक्ति त्यौहार पर गांवों में किसान चना, तिवरा, मसूर, उड़द और महुआ को भूनकर लाई बनाते हैं, ठाकुरदेव की पूजा करते हैं। इसी मौके पर धान के दानों को छिड़ककर नागर के लोहे से जोता जाता है। किसान घरों से धान बीज बांस की टोकरियों में लेकर खेत जाते हैं और सांकेतिक रूप से धान को बोते हैं। यह पारंपरिक रीति है, सालों से कर रहे हैं। यह बीजों के आदान- प्रदान, बीजों की विविधता और संरक्षण का किसानों का तरीका है। देसी बीजों के साथ पारंपरिक ज्ञान व किसानों की आत्मनिर्भरता जुड़ी हुई है, जिसे फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के इस काम में प्रेरक संस्था ने अग्रणी भूमिका निभाई है। संस्था ने धान के देसी किस्मों का संग्रह किया है। संस्था के भिलाई स्थित वसुंधरा केन्द्र में 4 सौ देसी धान की किस्मों का संग्रह है। इन किस्मों में जवाफूल, विष्णुभोग, बादशाह भोग, सोनामासुरी, पोरासटका, साठिया, लायचा, डाबर, दूबराज, मासुरी इत्यादि हैं। इनमें कई किस्मों में औषधि गुण भी हैं। सुगंधित किस्में भी हैं।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में जैविक खेती का सिलसिला शुरू हुआ है। जिसमें धमतरी, कोंडागांव, बस्तर, कबीरधाम, राजनांदगांव, जांजगीर-चापा, बिलासपुर और कोरबा शामिल है। गरियाबंद विकासखंड आदिवासी बहुल है। यहां के बाशिन्दे कमार, भुंजिया और गोंड आदिवासी हैं। मुझे कुछ समय पहले धवलपुर व उसके आसपास कई गांवों में प्रेरक संस्था के रोहिदास यादव ले गए थे।

प्रेरक संस्था के निदेशक रामगुलाम सिन्हा बतलाते हैं कि छत्तीसगढ़ में गजब की जैव विविधता पाई जाती है। यहां बिना सिंचाई वाली फसलें, दलहन, तिलहन, फल, फूल, कंद-मूल, मशरूम और अन्य संग्रहीत अनाज इत्यादि हैं। छत्तीसगढ़ में धान की हजारों प्रजातियां हैं, और किसानों की कई देसी खेती पद्धतियां हैं, जो किसानों ने कई बरसों में विकसित की हैं।

वे बताते हैं कि लेकिन अब सिर्फ एकल खेती की ओर मुड़ती जा रही है, जो ज्यादा पानी-बिजली वाली, ज्यादा ऊर्जा खपत वाली, ज्यादा रासायनिक व कीटनाशक वाली है। यानी ज्यादा लागत वाली है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली है। इसलिए हमने जंगल क्षेत्र में धान की खेती के साथ, मिश्रित खेती, पशुपालन, सब्जी-बाड़ी, जंगलों की विविधता से टिकाऊ आजीविका कैसे बने, इसका प्रयास किया है।

प्रेरक संस्था के कार्यकर्ता रोहिदास यादव ने बतलाया कि हमने खेती से टिकाऊ आजीविका में सुधार के लिए प्राथमिकता दी। इसके लिए किसानों को देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए इस इलाके में 3 देसी बीज बैंक बनाए हैं। इन बीज केन्द्रों में धान की कई किस्में व अन्य अनाजों व सब्जियों के बीज संग्रहीत किए गए हैं। यहां धान की देसी किस्मों में कुसुमकली, कालाजीरा, श्याम सुंदर, सांबा मासुरी, बासमती, पटेल सुपर, सफरी, साठिया, भाटा सफरी, लाल धान, बासाभोग इत्यादि बीज हैं।

वे आगे बताते हैं कि इन बीज बैंकों से किसानों को बीज दिए जाते हैं। पौधों को कीट प्रकोप से बचाने के लिए जैव कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। इसे गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन और पानी मिलाकर जीवामृत बनाया जाता है, जो जैव खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। खेत में इसका छिड़काव किया जाता है। स्थानीय तौर पर उपलब्ध विभिन्न पत्तियों नीम, करंज, सीताफल, भुईनीम, बेसरम आदि के घोल से तैयार कर लेते हैं। पंचपर्णी, सप्तपर्णी जैव कीटनाशक बनाते हैं, जो. कीटों से रक्षा के लिए तम्बाकू काडा भी काफी कारगर है।

इसी प्रकार, देसी गोबर खाद को अच्छी तरह बनाने की विधि बताई गई है। इसमें कोई बाहरी निवेश की जरूरत नहीं होती, इससे खेती की लागत भी कम हो जाती है।

रोहिदास यादव ने बताया कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए मेडागास्कर विधि अपनाने पर जोर दिया गया। इस पद्धति में कम पानी लगता है और उत्पादन दोगुना तक लिया जा सकता है। इसमें समान दूरी पर पौधे लगाए जाते हैं और खेत में ज्यादा पानी होता है तो उसकी निकासी की जाती है। पानी में पौधा डूबे रहने ने उसकी बढ़वार ठीक से नहीं होती है और पौधे की जड़ें सड़ जाती हैं। इस पद्धति से ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है।

इसी प्रकार, कुछ समय पूर्व मैंने महासमुंद के गांव कुहरी में श्रीजन सामुदायिक बीज बैंक देखा था। यहां मुझे संस्था की हेमलता राजपूत लेकर गई थीं। यहां देसी धान की 19 प्रजातियां, दलहन की 13, उड़द की 4, मूंग की 4, कुलथी की 2 और झुरगा की 2 प्रजातियां हैं। इसके अलावा, कई तरह हरी भाजियों के बीज हैं। लाल भाजी, चेंच भाजी, खेड़ा भाजी, पटवा भाजी, अमाड़ी भाजी, पालक भाजी, मखना भाजी, कुसुम भाजी, चौलाई भाजी इत्यादि। बीज बैंक की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। इसकी संचालन समिति में 10 सदस्य हैं। यहां से किसानों को बीज दिया जाता है, जिसे उन्हें फसल आने पर वापस करना होता है।

कुहरी गांव की एक महिला किसान कहती हैं कि देसी बीजों में रोग ज्यादा नहीं लगता है, खाने में भी स्वादिष्ट होता है। अगर फसलों में कीट प्रकोप लगता भी है तो जैव कीटनाशक बनाकर छिड़कते हैं। जिसे वे स्थानीय पौधों की पत्तियों से तैयार कर लेते हैं। करी, आक, नीम, कड़वा रोहना, बिरहा आदि की पत्तियों से जीवामृत बनाया जाता है। इसके लिए बोड़रा, बरबसपुर, खैरा, कोमा आदि गांवों में जैव कीटनाशक व जैव खाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। कुहरी के साथ बांसकुडहा, बिरगिरा, बोड़रा, घोघीबाहरा, सेनकपाट, कुसेराडीह, केशलडीह, वनसिवनी, करडीह गांव में भी जैविक खेती होती है।

इस प्रकार की पहल, छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों में चल रही है। आज के जलवायु बदलाव के दौर में देसी बीजों का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक तो इनमें तुलनात्मक रूप से संकर बीजों की अपेक्षा प्रतिकूल मौसम को सहने की क्षमता होती है, और दूसरे इसके साथ लागत भी कम आती है। संकर बीजों के साथ रासायनिक खाद से लेकर कीटनाशकों का खर्च जुड़ जाता है, जबकि देसी बीजों की खेती आत्मनिर्भरता की ओर ले जाती है। क्योंकि इसमें बीज, गोबर खाद और श्रम सभी किसान का होता है, इसलिए लागत बहुत कम हो जाती है।

कुल मिलाकर, पारंपरिक देसी बीजों को किसानों ने सैकड़ों सालों में विकसित किया है। यह मानव समाज व किसानों की धरोहर हैं, जिनका संरक्षण व संवर्धन जरूरी है। छत्तीसगढ़ में खेतों में देसी धान की हजारों प्रजातियां हैं। यहां खेत में धान और मेड़ों पर अरहर, तिली बोई जाती है। उतेरा में धान की फसल कटने के पूर्व ही तिवड़ा, उड़द के बीज छिड़क दिए जाते हैं, जिससे बारिश की नमी में ही यह फसलें हो जाती हैं। यह बारिश की नमी का बहुत ही अच्छा इस्तेमाल है, साथ ही फलीवाली फसलें बोने से मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती हैं। धान यानी भात के साथ दाल की फसल भी हो जाती है। यही यहां की खान-पान की संस्कृति है। अनाज और दलहनें हैं।

इसी प्रकार, जंगलों में वन खाद्य, कंद मूल हैं। जड़ी बूटी और औषधियां हैं। इनके साथ जुड़ा हुआ परंपरागत ज्ञान है और इसके साथ जीवामृत व जैविक खाद के आधुनिक ज्ञान को जोड़कर बदलाव लाया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा के साथ लोगों की आजीविका की सुरक्षा की जा सकती है। देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया जा सकता है। जैव विविधता के साथ पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है। यह छत्तीसगढ़ की खेती किसानी की संस्कृति में भी शामिल है, जिससे काफी कुछ सीखा जा सकता है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

**आज के जलवायु बदलाव के दौर में देसी बीजों का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक तो इनमें तुलनात्मक रूप से संकर बीजों की अपेक्षा प्रतिकूल मौसम को सहने की क्षमता होती है, और दूसरे इसके साथ लागत भी कम आती है। संकर बीजों के साथ रासायनिक खाद से लेकर कीटनाशकों का खर्च जुड़ जाता है, जबकि देसी बीजों की खेती आत्मनिर्भरता की ओर ले जाती है। क्योंकि इसमें बीज, गोबर खाद और श्रम सभी किसान का होता है, इसलिए लागत बहुत कम हो जाती है।**

### बीता सप्ताह

**16 नवंबर**

- झारखंड प्रवास के दौरान वापसी में प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी होने के कारण दूसरे विमान से वापस दिल्ली लौटे।
- ओडिशा राज्य के 24 तटीय गांव सुनामी रेडी घोषित हुए। यूनेस्कों ने दी मान्यता।
- चीन में 7 नये विश्वस्तरीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव जोड़े गए।
- दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर में विश्व का सबसे बड़ा मूंगा खोजी गया।

**17 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया।
- आईपीएल मेगा आक्शन के लिए छत्तीसगढ़ से पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के पुत्र आशीष डहरिया का चयन हुआ।
- सड़क परिवहन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 26 बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो रही है।
- शिरोमणि अकालीदल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

**18 नवंबर**

- पीएम मोदी को नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रेड कमांडर आफ द आर्डर द नाइजर' से सम्मानित किया गया।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया ।
- ब्रिसबेन हीट को युवा गेंदबाज लूसी हेमिल्टन सबसे कम उम्र (सिर्फ 18 साल) की गेंदबाज बनीं।
- अमेरिका ने तस्करी की गई 1440 प्राचीन मूर्तिया भारत को लौटाई।

**19 नवंबर**

- गैंगस्टर लारेंस के भाई अनमोल को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया।
- छत्तीसगढ़ का तमोर पिंगला देश का 56वा टाइगर रिजर्व बना।
- विजिथा हेराथ श्रीलंका के दोबारा बने विदेश मंत्री।
- जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप हॉकी में आमिर अली होंगे भारत के कप्तान।

**20 नवंबर**

- भारत और चीन के बीच हुए एक समझौते के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरु होगी।
- चुनाव से पहले महाराष्ट्र भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग ने एफआईआर दर्ज कराया।
- जार्जिया के राष्ट्रपति सैलोम जौस बिचविली ने मताधिकार के उल्लंघन का संवैधानिक न्यायालय में मामला दायर किया।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से विश्वास घट रहा है।

**21 नवम्बर**

- झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हुए। झारखंड में 67-59 और महाराष्ट्र में 58.25 प्रतिशत वोट पड़े।
- मणिपुर हिंसा के चलते मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाया गया।
- पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले में 12 जवानों की मौत हो गई।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक रिपोर्ट के अनुसार भारत एडवांस नॉलेज रखने में सबसे आगे।

**22 नवम्बर**

- अडानी पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप, अमेरिका में अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी।
- अडानी की कंपनी से छग में एमओयू भाजपा की सरकार में हुए: भूपेश
- चिरमिरी के असिस्टेंट इंजीनियर और अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार।
- मोदी को मिला गुयाना, डोमिनिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।

## पुतिन का परमाणु सिद्धांत को सख्त बनाना यूक्रेन के यूरोपीय सहयोगियों को लक्षित

■ अंजन रॉय

मानो हमला करने के लिए उन्हें किसी सिद्धांत की आवश्यकता थी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तथाकथित रूसी परमाणु सिद्धांत में संशोधन किया है। इस बदलाव के तहत रूस को परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-परमाणु देश पर भी हमला करने का अधिकार है, बशर्ते कि उसे परमाणु हथियारों वाले किसी देश का 'समर्थन' प्राप्त हो।

यह देखना शिक्षाप्रद है कि दो आपस में नहीं लड़ने वाले रॉक्स योद्धा - रूस और अमेरिका - इस चरम बिंदु पर कैसे पहुंचे। रूस ने तब से ही अपनी परमाणु धमकी जारी रखी थी, जब पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था। शुरुआती दिनों में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अधिक सतर्क भूमिका निभाई थी, लेकिन अपने अंतिम दिनों में उन्होंने यूक्रेन को अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग कर गहरे हमले करने की अनुमति देकर एक बड़ा जोखिम उठाया है।

जो बाइडेन को अमेरिकी अग्निशक्ति के निर्णायक उपयोग की अनुमति देने के लिए प्रेरित किया गया था, जब यह बताया गया था कि रूस अब युद्ध के मैदान में उत्तर कोरियाई लड़ाकों को भी तैनात कर रहा है। बाइडेन द्वारा रूस में गहरे हमलों के लिए अमेरिकी हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने के तुरंत बाद, पुतिन अपने नये परमाणु सिद्धांत के साथ आगे आये।

इससे यूरोप में परमाणु युद्ध और बड़ी आबादी के विनाश की आशंका बढ़ गयी है, चाहे वह वास्तविक हो या काल्पनिक। कहा जा सकता है कि यूक्रेन युद्ध अब एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया है क्योंकि दोनों पक्ष शत्रुता में एक गंभीर कदम के करीब हैं।

जमीन पर, यूक्रेन ने पहले ही रूस के कुछ आंतरिक क्षेत्रों तक पहुंचने वाली अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग किया है। यूक्रेन नेतृत्व रूसी सैन्य प्रतिष्ठानों और गोला-बारूद डिपो पर सफल हमलों का दावा कर रहे हैं। रूस ने अपनी ओर से घोषणा की है कि यूक्रेन द्वारा दागी गयी छह लंबी दूरी की मिसाइलों में से पांच को रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रोक लिया है और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया है।

कुछ रूसी प्रवक्ताओं ने जानकारी दी है कि रूसी सेना ने मिसाइलों की गतिविधियों का विश्लेषण किया है और निष्कर्ष निकाला है कि ये हथियार अन्य सैन्य शक्तियों द्वारा सक्रिय रूप से मदद और मार्गदर्शन के बिना रूसी अंदरूनी इलाकों तक नहीं पहुंच सकते थे। इन मिसाइलों का इस्तेमाल केवल सटीक खुफिया जानकारी और मार्गदर्शन प्रणालियों के आधार पर ही किया जा सकता है।

रूस को अपने संशोधित परमाणु सिद्धांत के लिए कोई बड़ा समर्थन मिलना मुश्किल है, इसके वास्तविक उपयोग की तो बात ही छोड़िए। चीन ने बार-बार रूस के किसी गैर-परमाणु देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी आलोचना की है। 'बिना किसी सीमा के' दोस्त होने के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल या यहां तक कि इस्तेमाल की धमकी का कोई समर्थन देने से इनकार कर दिया है।

समर्थकों का गठबंधन बनाने के लिए, रूस अपने जाल को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है। रूसियों ने आज एकतरफा रूप से रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा की योजना की घोषणा की है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गयी है।

यह उल्लेख किया जा सकता है कि व्लादिमीर पुतिन किसी भी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके या यहां तक कि चीन की कुछ यात्राओं को छोड़कर कोई भी विदेश यात्रा नहीं कर सके क्योंकि उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट है। वे दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी यात्रा नहीं कर सके क्योंकि जैसे ही वे भारतीय धरती पर कदम रखते, अधिकारियों का कर्तव्य बनता कि वे उन्हें गिरफ्तार कर लें क्योंकि भारत आईसीसी का हस्ताक्षरकर्ता है।

**व्लादिमीर पुतिन किसी भी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके या यहां तक कि चीन की कुछ यात्राओं को छोड़कर कोई भी विदेश यात्रा नहीं कर सके क्योंकि उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट है। वे दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी यात्रा नहीं कर सके क्योंकि जैसे ही वे भारतीय धरती पर कदम रखते, अधिकारियों का कर्तव्य बनता कि वे उन्हें गिरफ्तार कर ले।**

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पुतिन भारत की यात्रा कैसे कर सकते हैं और गिरफ्तारी से भी कैसे बच सकते हैं, यदि भारत अंतरराष्ट्रीय दायित्व का उल्लंघन नहीं करता।


रूसी आक्रामकता में अचानक वृद्धि निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अचानक निर्णय से हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन को रूसी धरती पर हमला करने के लिए अमेरिकी आपूर्ति किये गये हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी। वास्तव में, बाइडेन के इस कदम ने आने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भी एक फ्लैश पॉइंट बनाया हो सकता है।

रूस द्वारा नया सिद्धांत जारी किया गया है जो विशेष रूप से यूक्रेन के अमेरिकी और यूरोपीय सहयोगियों के लिए लक्षित है। परमाणु खतरा कोई नई बात नहीं है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से ही वह यह संदेश भेज रहे हैं। उस समय पुतिन को उम्मीद थी कि वह कुछ ही हफ्तों में यूक्रेन पर अपने आक्रमण को सफलतापूर्वक समाप्त कर लेंगे।

पुतिन को निराशा हुई कि वह कोई प्रगति नहीं कर पाये और बख्तरबंद वाहनों और सैनिकों के लंबे रूसी काफिले यूक्रेनी सेना के सटीक हमलों से नष्ट हो गये। हाल ही में रूसी सेना ने कुछ प्रगति की है, लेकिन पिछले 1002 दिनों से जारी युद्ध यूक्रेन और रूस दोनों के लिए विनाशकारी रहा है।

यूक्रेन की शानदार रक्षा अमेरिकियों और कुछ हद तक यूरोपीय संघ के देशों के गठबंधन से भारी वित्तीय और सैन्य सहायता के बिना संभव नहीं होती।

## लोकतंत्र पर बढ़ता तकनीकी साम्राज्यवाद का खतरा



जगदीश रत्तनानी

एक्स' के मालिक एलन मस्क और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा एवं उनकी पत्नी के बीच कटु विवाद छिड़ गया है। मस्क ने अदालत के आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया था जिस पर ब्राजीली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने 'एक्स' पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मस्क ने उस न्यायाधीश को 'दुष्ट तानाशाह' कहा। इस विवाद में नवीनतम मोड़ साप्ताहांत में आया जब विश्व भर के नेता जी-20 के 2024 शिखर सम्मेलन के लिए रियो डी जेनेरो में मिलने की तैयारी कर रहे थे।

पिछले साप्ताहांत जी-20 के एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की पत्नी ने गलत व झूठी सूचना को नियंत्रित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को विनियमित करने की आवश्यकता बताई थी। बाद में उसने मस्क को चुनौती देते हुए कहा-'एलन मस्क, मैं तुमसे डरती नहीं हूं'। 'एक्स' के मालिक ने राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा और उनकी वर्कर्स पार्टी के स्पष्ट संदर्भ में लिखते हुए तुरंत जवाब दिया-'वे (डा सिल्वा) अगला चुनाव हारने जा रहे हैं।' इस तरह इस विवाद में मस्क और 'एक्स' ने लोकप्रिय नेता जायर बोल्सोनारो का समर्थन कर दिया जो 2022 का चुनाव हार गए थे। हार के बाद बोल्सोनारो ने चार साल पहले अमेरिकी चुनावों के परिणामों को पलटने के ट्रम्प के प्रयासों की नकल करते हुए 'चुनाव इनकार' का अभियान चलाया।

विदेशी भूमि में केंद्र की सत्तारुढ़ वामपंथी सरकार के खिलाफ एक धुर दक्षिणपंथी राजनेता के समर्थन में मस्क एक सीधी और खुली लड़ाई लड़ रहे हैं।

यह एक ऐसा मामला है जिस पर भारत में करीब से ध्यान देना चाहिए जो 'एक्स' के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं और संभवत: आधुनिक समय के बड़े तकनीकी साम्राज्यवाद के तौर-तरीकों को नजदीक से देख सकेंगे। ईस्ट इंडिया कंपनी को जटिल और कुटिल हथकंडों का इस्तेमाल कर उपमहाद्वीप पर कब्जा करने और उसे लूटने में 100 साल लग गए, तो आज के तकनीकी साम्राज्यवादियों के पास उस कहानी को दोहराने की ताकत है जिसमें लोगों में फूट डालकर विभाजित करने, संस्थानों को तोड़ने और हिंसा भड़काने वाले कोड, क्लिक और क्लिप के अलावा कुछ नहीं है। ब्राजील में की जा रही दखलदांजी इस साम्राज्यवाद का एक क्लासिक उदाहरण है जो तकनीकी ज़ार के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प की गोद में बैठे एलन मस्क द्वारा संचालित किया जा रहा है जो हमेशा की तरह लापरवाह तथा अमेरिकी चुनावों में ट्रम्प की जीत से सुर्खियों में है और अब अमेरिका में शक्तिशाली औद्योगिक-सैन्य परिसर का प्रभारी बनाया गया है।

ब्राजील में इस नाटक का एक बड़ा भाग अमेरिकी चुनावों से पहले भी खेला गया था जिसमें दुष्प्रचार फैलाने के आरोपी खातों को ब्लॉक करने के बारे में ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने से 'एक्स' और मस्क ने इनकार कर दिया था। ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने आदेश दिया था कि अगर प्लेटफॉर्म ब्राजील में कंपनी का कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त नहीं करता है तो दुष्प्रचार में शामिल खातों को ब्लॉक कर दिया जाएगा और 24 घंटे के भीतर बकाया दैनिक जुर्माने का निपटान नहीं करता है तो 'एक्स' पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। 'एक्स' और मस्क ने आदेशों पर ध्यान नहीं दिया और न्यायालय के साथ सीधे टकराव का विकल्प चुना जिसके बाद 'एक्स' पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बाद में अदालती आदेश के सामने झुकने हुए 50 लाख अमरीकी डालर से अधिक के जुर्माने का भुगतान किया गया।

इन घटनाओं को देखते हुए भारत को बड़ी तकनीक की शक्ति और पहुंच के प्रति सचेत होना चाहिए जो उन तरीकों को अपना सकते हैं, संप्रभु राष्ट्रों को चुनौती देते हैं और डिजिटल उपनिवेशवाद के उपकरणों के रूप में काम करते हैं। इससे लड़ना मुश्किल होगा। तकनीकी कंपनियों पर कई उदाहरणों के साथ आरोप लगाये गये हैं कि वे उपभोक्ताओं के दिमाग पर कब्जा करने, कपोल कल्पित किस्से फैलाने और असुरक्षा की भावना फैलाने जैसे काम कर रही हैं जो औपनिवेशिक नियंत्रण के किसी भी अन्य साधन की तुलना में एक त्वरित, गुप्त और पूरी तरह से नियंत्रित करने लायक माहौल बनाता है।

मस्क मुंहजोर है लेकिन उनका यह काम केवल उस मुखौटे को फाड़ने का काम करता है जो सभी तरह के उल्लंघनों के संबंध में उन कंपनियों की बदसूरत वास्तविकता को छुपाता है। प्रौद्योगिकी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दिलाने के दावे के पीछे की हकीकत यह है कि प्रौद्योगिकी का उपयोग अल्गोस (ऐल्गरिदम) के माध्यम से लालच, भय और झूठ को बढ़ावा देते हैं, पहुंच बढ़ाने और फर्जी समाचार फैलाने के लिये समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। यह निश्चित रूप से उत्तरार्द्ध में ऐसा करता है लेकिन पूर्वार्ध में खींचता भी है और अंत में जितना देता है उससे अधिक ले जाता है।

सामान्य तौर पर, प्रौद्योगिकी कंपनियों की दुनिया में पारदर्शिता को आदर्श स्थान प्राप्त नहीं है। राइड ऐप उबेर के बारे में विचार करें जिसने पहले अपने आकर्षक प्रस्तावों के साथ बाजार पर कब्जा कर लिया और बाद में अपनी शोषणकारी नीतियों के लिए जाना जाने लगा। इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद में कैब चालकों ने पारदर्शिता की कमी का हवाला देते हुए उबेर ऐप का बहिष्कार किया था। उबेर उपभोक्ताओं ने कीमतों में अनुचित 'बढ़ोतरी' की शिकायत की है। भारत के किसी भी शहर में अधिकांश उबेर सवारी नियमित टैक्सी सेवा से अधिक शुल्क लेती हैं।

**सामान्य तौर पर, प्रौद्योगिकी कंपनियों की दुनिया में पारदर्शिता को आदर्श स्थान प्राप्त नहीं है। राइड ऐप उबेर के बारे में विचार करें जिसने पहले अपने आकर्षक प्रस्तावों के साथ बाजार पर कब्जा कर लिया और बाद में अपनी शोषणकारी नीतियों के लिए जाना जाने लगा। इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद में कैब चालकों ने पारदर्शिता की कमी का हवाला देते हुए उबेर ऐप का बहिष्कार किया था।**

'एक्स' ने घोषणा की कि इसके प्लेटफॉर्म पर सभी सामग्री का उपयोग इसके आर्टिफिशियल इंटलिजेंस (एआई) मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। यह घोषणा 15 नवंबर से प्रभावी हो गयी है। पूर्व में 'एक्स' के एआई मॉडल पर फर्जी खबरें फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट सहित अधिकांश अन्य बड़ी टेक कंपनियों को इस बात की बढ़ती जांच का सामना करना पड़ा है कि उनके एआई मॉडल उपयोगकर्ताओं के लिए पहले से न सोचा गया समाधान कैसे प्रस्तुत करते हैं। अमेज़ॅन अपने एकाधिकारवादी व्यवहार के कारण जांच के दायरे में आ गया है। अमेज़ॅन के संस्थापक और वाशिंगटन पोस्ट अखबार के मालिक जेफ़ बेजोस ने अपने अखबार से इस बार अमेरिकी चुनावों में किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं करने को कहा जिसके बाद विरोध प्रदर्शन हुए और 250,000 से अधिक पाठकों ने सब्सक्रिप्शन रद्द कर दिए। अमेज़ॅन, वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) न केवल ई-स्टार्ट में अग्रणी है, बल्कि एक ताकत है, लेकिन एडब्लूएस पर भारत और अन्य जगहों पर स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और श्रमिकों का शोषण करने का आरोप लगाया गया है। एडब्लूएस क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं, संगठनों को तेज़ी से आगे बढ़ने, लागत कम करने और विस्तार करने में मदद करती हैं।

भारत सरकार ने पूर्व में तकनीक के प्रभाव पर चर्चा की है। सरकार के राजनीतिक पक्ष ने भी तकनीक का उपयोग उन तरीकों से किया है जो स्वच्छ या पारदर्शी नहीं हैं। यह इस मुद्दे को और अधिक जटिल बनाता है। उदाहरणार्थ, सरकार पर चुनिंदा भारतीय राजनेताओं और पत्रकारों को निशाना बनाने के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने के आरोप लगे जिसके जरिए आज की तकनीक-सक्षम प्रणालियों में निगरानी संभव है। लेकिन इसका पहलू यह है कि जो लोग निगरानी कर रहे हैं और शायद इन प्रणालियों के लिए भुगतान कर रहे हैं उन्हें खुद को उन्हीं प्रणालियों द्वारा देखा और सुना जा रहा है जिसका उन्होंने साथी नागरिकों के खिलाफ उपयोग किया होगा।

भारतीय नीति की बिग तकनीक का क्या मतलब है? जब एक ट्वीट कर दंगा करना उतना ही आसान है या किसी एकाउंट को ब्लॉक कर एक आवाज को चुप कराना आसान है तो ऐसी परिस्थियों में लोकतंत्र को कैसे संरक्षित और मजबूत किया जा सकता है? यदि हमारी सिस्टम के बाहर के लोगों से अधिक की अपेक्षा है तो हमें देश के भीतर ज्यादा पारदर्शिता की आवश्यकता होगी ।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# खेल जगत

## पीसीबी ने अजहर अली को युवा विकास प्रमुख नियुक्त किया



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली को भर्ती प्रक्रिया के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के युवा विकास प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। पीसीबी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह भूमिका अजहर की मौजूदा जिम्मेदारियों का विस्तार होगी, क्योंकि वह पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट में एक प्रमुख व्यक्ति अजहर ने सीनियर राष्ट्रीय टीम में आगे बढ़ने से पहले 2002 में आईसीसी अंडर19 क्रिकेट विश्व कप में अपना करियर शुरू किया। 2010 और 2022 के बीच, उन्होंने 97 टेस्ट और 53 वनडे खेले, जिसमें नौ टेस्ट और 31 वनडे में पाकिस्तान की कप्तानी की। वह 2017 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य थे।

# बुमराह ने चटकाए चार विकेट, भारत की पकड़ मजबूत

सत्येन्द्र पाल सिंह



- भारत की पहली पारी के 150 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट 67 पर बनाए
- केएल राहुल को तीसरे अंपायर द्वारा आउट देने का फैसला विवादास्पद रहा
- पर्थ में पहले टेस्ट के पहले दिन 17 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में तीन विकेट बाकी

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (देशबनु) भारत ने पहली पारी में मात्र 150 रन बनाने के बाद अपने कप्तान जसप्रीत बुमराह (4/17) की अनुकरणीय तेज गेंदबाजी से पलटवार कर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में उसके सात विकेट मात्र 67 रन पर निकाल कर पांच टेस्ट की बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी के पर्थ में पहले क्रिकेट टेस्ट में शुक्रवार को पहले दिन अपनी मजबूत पकड़ बना ली। तब अलेक्स कैरी 28 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद से 19 और मिचेल स्टार्क 14 गेंद खेल एक चौके की मदद से छह रन बनाकर क्रीज पर थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से पहली पारी में अभी 83 रन पीछे है और पहली पारी में उसके मात्र तीन विकेट बाकी हैं। पर्थ में पहला दिन बेशक तेज गेंदबाजों का रहा और इसमें भारत की पहली पारी के दस और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के सात विकेट सहित कुल 17 विकेट गिरे और कुल 217 रन बने। जसप्रीत बुमराह ने सलामी बल्लेबाज नाथन मैक्सिवनी, उस्मान ख्वाजा, स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस के रूप ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। विराट कोहली ने पर्थ की पिच पर बराबर जूझने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मरनस लबुशेन का कैच जरूर छोड़ा लेकिन यह महंगा साबित नहीं हुआ और वह मात्र दो रन बना पहले दिन भारत के दूसरे सबसे कामयाब तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (2/17) का शिकार बने। भारतीय फील्डरों ने इस कैच को छोड़ सभी कैच लपके। अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले 22 बरस के तेज गेंदबाज हर्षित राणा (1/33) ने अतीत में भारत का सिरदर्द साबित होने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविज हेड (11 रन, 13 गेंद, दो चौके) का बेशकीमती विकेट चटका अपनी टीम को राहत दिलाई।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (4/29) ने पर्थ की तेज पिच पर कहर बरपाते हुए ऋषभ पंत ((37 रन, 78 गेंद , एक छक्का, तीन चौके) और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले नीतिश रेड्डी ((44 रन,59 गेंद, एक छक्का, छह चौके) की सातवें विकेट की 48 रन की भागीदारी के बावजूद टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने उतरने वाली भारत की पहली पारी शुक्रवार को 49.4 ओवर में चायकाल से पहले 150 रन पर समेट दी। ऑस्ट्रेलियाई गेदबाजों में सबसे महंगे साबित हुए कप्तान कमिंस ने ऋषभ पंत और नीतिश रेड्डी के अहम विकेट चटकाए। भारत की पहली में उसका एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया और न ही उसकी ओर से कोई अर्द्धशतकीय भागीदारी ही हुई। भारत की पहली पारी को सस्ते में समेटने मे हेजलवुड के साथ कप्तान पैट कमिंस (2/67), मिचेल स्टार्क (2/14) और मिचेल मार्श (2/15) ने अच्छा साथ निभाया। सलामी बल्लेबाज केएल केएल राहुल (26 रन, 74 गेंद, 3 चौके) को स्टार्क की गेंद पर मैदानी अंपायर द्वारा आउट न दिए जाने पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा डीआरएस लिए जाने पर विकेटकीपर अलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट देने के फैसला खासा विवादास्पद रहा। अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज नाथन मैक्सिवनी (10 रन, 13 गेंद, 2 चौके) भारत के कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे और पारी के तीसरे ओवर की तीसरी कोण बना भीतर आती गेंद को खेलने से चूके और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी अंपायर ने आउट नहीं दिया और भारत ने रिव्यू लिया और इसमें गेंद सीधे उनके पैड पर लगी और तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दिया और ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट 14 रन पर खो दिया।

## बल्ले से खराब फॉर्म के बीच कैच छोड़ने के मामले में भी कोहली ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय साबित हो रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज में फ्लॉप रहने के बाद भारत को अपने पूर्व कप्तान से काफी उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। इसी बीच पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में विराट ने टीम और अपने फैंस को निराश ही किया है। विराट कोहली ने 12 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेली और हेजलवुड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच आउट हो गए। इस तरह उनकी खराब फॉर्म में एक और कड़ी जुड़ गई है। इसके अलावा कोहली ने भारतीय गेंदबाजी के दौरान कैच भी छोड़ दिया। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर विराट कोहली ने मार्नस लाबुशेन का आसान कैच ड्रॉप कर दिया। इस शानदार गेंद पर मार्नस लाबुशेन के बल्ले का किनारा निकला, जिस पर कोहली ने ज्यादा मूवमेंट नहीं की और कैच पकड़ने की जल्दबाजी में गेंद को ड्रॉप कर बैठे। विराट आमतौर पर बढ़िया क्षेत्ररक्षक माने जाते हैं लेकिन साल 2011 से अब तक कम से कम 100 मौके हासिल करने वाले खिलाड़ियों में कोहली का कैच ड्रॉप करने का प्रतिशत काफी ज्यादा है। यह आंकड़ा कोहली की कैच पकड़ने की क्षमता पर सवाल भी खड़े करता है। कोहली ने इस अवधि में 29.6 प्रतिशत कैच छोड़े हैं और उनसे ज्यादा कैच छोड़ने के प्रतिशत के मामले में केवल जेम्स एंडरसन ही उनसे आगे हैं।



## केएल राहुल को आउट दिया जाना एक खराब निर्णय था : मांजरेकर

**पर्थ।** पर्थ टेस्ट के पहले दिन लंच से पहले सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल के डीआरएस निर्णय पर आउट होने के संबंध में पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि राहुल को आउट देने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे। राहुल जब 26 के निजी स्कोर पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे तब ऑन फ़ील्ड अंपायर रिचर्ड कैटलब्रॉ ने उन्हें मिचेल स्टार्क की गेंद पर कॉट बिहाइंड की अपील पर नॉट आउट करार दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया और रिप्ले में जब गेंद बल्ले के क़रीब से गुज़र रही थी तब स्निको में स्पाइक दिखाई दिया था, लेकिन उसी समय राहुल का बल्ला भी पैड से टकराया था। थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने कैटलब्रॉ से अपना निर्णय पलटने के लिए कह दिया। इस निर्णय पर राहुल अपनी असहमति जताते हुए पवेलियन की ओर लौट गए और भारत के 47 के स्कोर पर चार विकेट गिर गए। मांजरेकर ने तकनीक का पूरा इस्तेमाल ना हो पाने का हवाला देते हुए कहा कि टीवी अंपायर को ऑनफ़ील्ड अंपायर से उनका निर्णय पलटने के लिए नहीं कहना चाहिए था। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि सबसे पहले तो मैं टीवी अंपायर को उपलब्ध कराई गई सुविधा से निराश हूं। उन्हें और सबूत मुहैया कराए जाने चाहिए थे। सिर्फ़ कुछ एंगल के आधार पर मुझे नहीं लगता कि इतना महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाना चाहिए था। मेरा प्वाइंट यह है कि नेकेड आई से सिर्फ़ यही चीज़ नज़र आ रही थी कि बल्ले का पैड से संपर्क हुआ था।



# आईपीएल में खेलने का एक चांस चाहिए : स्वास्तिक चिकारा



- पिछले साल स्वास्तिक चिकारा के घर में आईपीएल 2024 से पहले हुई नीलामी खुशी लेकर आई थी
- मेरे लिए पहली बार आईपीएल में चुना जाना बहुत बड़ी बात थी : चिकारा

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 मेगा नीलामी को लेकर रोमांच बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा मंच है, जहां दिग्गज खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसता है, तो वहीं युवा खिलाड़ियों के करियर के लिए यह एक मंच तैयार करता है जो आगे चलकर उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। कुछ ऐसा ही इरादा यूपी से ताल्लुक रखने वाले स्वास्तिक चिकारा का है, जो बड़े मंच पर एक मौके की तलाश में हैं। पिछले साल स्वास्तिक चिकारा के घर में आईपीएल 2024 से पहले हुई नीलामी खुशी लेकर आई थी। दिल्ली कैपिटल्स ने दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को 20 लाख रुपये में साइन किया था। इस तरह वह उस साल के टूर्नामेंट में सिर्फ 18 साल की उम्र में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए 19 वर्षीय चिकारा ने गुरुवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि मैं उस समय घर पर था। सभी लोग एक साथ नीलामी देख रहे थे, जबकि मेरे भाई ने इसे फोन पर देखा। इसलिए, उसे दूसरों से कुछ मिनट पहले पता चला कि मुझे दिल्ली कैपिटल्स ने चुना है। वह बहुत खुश था, जबकि मेरी मां रोने लगी। मेरे लिए पहली बार आईपीएल में चुना जाना बहुत बड़ी बात थी। उस दिन हम सभी बहुत खुश थे। चिकारा, जिन्हें 2024 में खेलने का मौका नहीं मिला और अब उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि 2025 वह साल होगा जब वह टूर्नामेंट में डेब्यू करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं इस बार थोड़ा नर्वस हूं। लेकिन, मैं इस साल आईपीएल खेलना चाहता हूं। मेरा लक्ष्य इस बार सिर्फ टीम में शामिल होना नहीं बल्कि खेलना है। मैंने पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रायल में भाग लिया। लेकिन, मैं अन्य टीमों के ट्रायल में नहीं जा पाया, क्योंकि मैं उत्तर प्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी और अंडर-23 मैच खेल रहा था।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम एशिया कप 2024 के लिए रवाना

**बेंगलुरु,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को मस्कट के लिये रवाना हुई। टूर्नामेंट में इस बार 10 टीमें भाग ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है। जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 28 नवंबर को जापान से, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ तथा दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक दिसंबर को आखिरी ग्रुप मुकाबला खेला है।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया दिवंगत फिलिप ह्यूज को 10वीं वर्षगांठ पर सम्मानित करेगा

**मेलबर्न,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया फिलिप ह्यूज के निधन की 10वीं बरसी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने की तैयारी कर रहा है। इस मौके पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों में कई श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काले आर्मबैंड पहनेंगे और ह्यूज की याद में मौन रखा जाएगा। ह्यूज का जीवन 2014 में, उनके 26वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले ही एक हादसे में खत्म हो गया था। ह्यूज को याद करने का सिलसिला इस शनिवार से शुरू हो रहे शेफील्ड शील्ड मैचों से शुरू होगा। उनकी असमय मौत 27 नवंबर 2014 को हुई थी। साउथ ऑस्ट्रेलिया, जो ह्यूज की पुरानी टीम थी, एडिलेड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। वहीं, न्यू साउथ वेल्स, जो उनकी बचपन की टीम थी, एससीजी में तस्मानिया की मेजबानी करेगी। क्वींसलैंड और विक्टोरिया की टीमें भी हिस्सा लेंगी। मैचों के चौथे दिन से पहले काले आर्मबैंड पहनकर और मौन रखकर उन्हें याद किया जाएगा। सिडनी और ब्रिस्बेन में होने वाले मैचों के अंतिम दिन, जो ह्यूज की बरसी के दिन होगा, खिलाड़ी, अधिकारी और प्रशंसक उनके जीवन और करियर को याद करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू हो रहे टेस्ट मैच को इस राष्ट्रीय श्रद्धांजलि का केंद्र बनाया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ह्यूज के परिवार के साथ मिलकर उनके जीवन, विरासत और उपलब्धियों पर एक डॉक्यूमेंट्री तैयार की है। इसे मैच से पहले दिखाया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा कि हम जानते हैं कि यह समय उन सभी लोगों के लिए भावुक होगा, जो फिलिप ह्यूज को जानते और पसंद करते थे।



## सार संक्षेप

### मोहन बागान सुपर जायंट का सामना लड़खड़ाती जमशेदपुर एफसी से

**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन शनिवार को सिटी ऑफ जॉय में लौटेगा, जब मोहन बागान सुपर जायंट्स घरेलू मैदान प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में शाम 7-30 बजे को जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेंगे। अपने खिताब की रक्षा में जुटे मैरिनर्स इस समय अंक तालिका में केवल बेंगलुरू एफसी से पीछे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट सात मैचों में चार जीत, दो ड्रा और एक हार से 14 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, जमशेदपुर एफसी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन हाल की पराजयों के कारण वो लड़खड़ा रही है। जमशेदपुर एफसी सात मैचों में चार जीत और तीन हार से 12 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर हैं। मैरिनर्स की शानदार अग्रिम पंक्ति मोहन बागान सुपर जायंट ने आईएसएल 2024-25 में प्रति मैच पेनल्टी बॉक्स में 35.9 बार प्रवेश किया है।


### पहली बार अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचे तेलुगू टाइटंस

**नोएडा।** तेलुगू टाइटंस ने शानदार खेल दिखाते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 67वें मैच में बंगाल वारियर्स को 31-29 से हराते हुए पहली बार अंक तालिका के शीर्ष पर कब्जा जमा लिया है। टाइटंस ने बीते छह मैचो में पांच और कुल आठवीं जीत के साथ यह मुकाम हासिल किया है। टाइटंस को इस मुकाम तक पहुंचाने में विजय मलिक (14) का अहम योगदान है। उनके अलावा डिफेंस से शंकर गदई (3) और अंकित (3) ने सराहनीय खेल दिखाया। बंगाल के लिए प्रणय राने ने सबसे अधिक 9 अंक जुटाए। बंगाल को लगातार चौथी और 11 मैचों में छठी हार मिली है। इस जीत की नीव शुरुआत में ही रख दी गई थी क्योंकि चार बदलाव के साथ उतरी बंगाल के खिलाफ चार मिनट के भीतर ही 4-1 की लीड बना ली थी।

### अबू धाबी ने अजमान बोल्ट्स को नौ विकेट से हराया

**अबू धाबी।** अबू धाबी टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान फिल साल्ट (नाबाद 54) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 22) रनों की तूफानी पारी के दम पर टीम अबू धाबी(टीएबी) ने अजमान बोल्ट्स को नौ विकेट से शिकस्त दी। 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम अबू धाबी ने 5.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। कप्तान फिल साल्ट ने 19 गेंदों में छह छक्के और दो चौके लगाते हुये (नाबाद 54) रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो ने 14 गेंदों में चार चौके लगाते हुये (नाबाद 22) रन बनाये। पॉल स्टर्लिंग (शून्य) को जेसन बेहरेनडॉर्फ ने आउट किया।इससे पहले आज यहां टॉस जीत कर टीम अबू धाबी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन



**लाहौर,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। वह नजीर जूनियर के नाम से मशहूर थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में यादगार पारी खेली थी। नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर सात विकेट चटकाए। इसके अलावा उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए और दूसरी पारी में भी 17 रन बनाकर नाबाद रहे। यह टेस्ट मैच ड्रा रहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पीसीबी की ओर से मैं हमारे पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद नजीर के निधन पर अपनी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और उनके दोस्तों और परिवार के साथ दुख साझा करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम एशिया कप 2024 के लिए रवाना

**बेंगलुरु,** 22 नवम्बर (देशन्धु)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को मस्कट के लिये रवाना हुई। टूर्नामेंट में इस बार 10 टीमें भाग ले रही हैंए भारत को कोरियाए जापानए चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है। जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तानए मलेशियाए बांग्लादेशए ओमान और चीन हैं। कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगाए उसके बाद 28 नवंबर को जापान सेए 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ तथा दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक दिसंबर को आखिरी ग्रुप मुकाबला खेला है। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने कहाए श्मैं पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए बेहद उत्साहित हूं।

## अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने विश्व सुपर कबड्डी लीग 2025 को मंजूरी दी

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन के लिए आधिकारिक तौर पर अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी संघ के सहयोग से किया जा रहा है।

डब्ल्यूएसकेएल के आयोजक निकाय एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को बधाई संदेश में आईकेएफ ने कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दूरदर्शिता की सराहना की। कबड्डी लीग शुरू करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि असाधारण संगठनात्मक कौशल और इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। आईकेएफ के बयान में कहा गया है, आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कब्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डब्ल्यूएसकेएल में आईकेएफ सदस्य देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे, जो मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों की नीलामी में भाग लेंगे। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, बल्कि लीग को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट के रूप में भी बढ़ावा मिलेगा। इस साल अगस्त में, दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को 15 साल की अवधि के लिए डब्ल्यूएसकेएल के आयोजन के पूर्ण और अन्य अधिकार प्रदान किए, जिससे लीग के विकास और सफलता के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित हुआ।इसके अतिरिक्त, थाईलैंड के कबड्डी संघ ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को लीग के एकमात्र और अनन्य निर्माता, अवधारणाकार और अधिकारधारक कि के रूप में समर्थन दिया।

# 14 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025, फाइनल 25 मई को

- 2025 के सीज़न में पिछले तीन सीज़न की तरह ही 74 मैच खेले जाएंगे

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। आईपीएल ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अगले तीन सीज़न के लिए तारीख़ों का ऐलान कर दिया है। 2025 में आईपीएल 14 मार्च से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा, वहीं 2026 का सीज़न 15 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा जबकि 2027 का सीज़न 14 मार्च से 30 मई तक होगा। गुरुवार को तमाम फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल, जिसे ईएसपीएनक्रिकइंफो ने भी देखा है, उसमें आईपीएल ने इन तारीखों को विंडो की संज्ञा दी है, लेकिन यह संबंधित सीज़न की तारीख हो सकती हैं। 2025 के सीज़न में पिछले तीन सीज़न की तरह ही 74 मैच खेले जाएंगे। हालांकि 2022 में आईपीएल द्वारा 2023-27 के चक्र के लिए बेचे गए मीडिया राइट्स में 84 मैच खेले जाने का ज़िक्र था। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज़ में आईपीएल ने हर सीज़न में मैचों की अलग अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस क़रार के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का ज़िक्र था।

### विदेशी खिलाड़ियों की पूर्ण उपलब्धता के आसार

अधिकतर पूर्ण सदस्य देशों के विदेशी खिलाड़ियों को अपने बोर्ड से अगले तीन सीज़न के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति मिल गई है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है।

आईपीएल ने गुरुवार को ईमेल में खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में जो बताया है, वो कुछ इस प्रकार है :

**ऑस्ट्रेलिया :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025 के सीज़न के लिए अपने सभी खिलाड़ियों, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू, को अनुमति दे दी है। सीए ने बताया है कि 2026 में ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे की श्रृंखला खेलनी है, जिसका समापन 18 मार्च को होगा। फरवरी-मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाना है जबकि 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेले जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा बनेंगे।



**इंग्लैंड :** ईसीबी ने उन 18 खिलाड़ियों की सूची दी है जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा हैं और वह अगले तीनों सीज़न के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे। हालांकि बेन स्टोक्स का नाम इस सूची से नदारद है, स्टोक्स का नाम आईपीएल 2025 के लिए बड़ी नीलामी में भी शामिल नहीं है। जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, ज़ैक क्रॉली, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टन, ओली पोप, मैथ्यू पोट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट, ओली स्टोन और रीस टॉपली 2025 से 2027 तक के सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ईसीबी ने कहा है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी कुछ समय के लिए अनुबंध का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन जब वे अनुबंध का हिस्सा होंगे तब वे आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। जबकि ऐसे खिलाड़ी जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा नहीं हैं, वे अगले तीन सीज़न के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे।

दक्षिण अफ्रीका, न्यूज़ीलैंड, वेस्टइंडीज़, ज़िम्बाब्वे और अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे।

**श्रीलंका :** श्रीलंका क्रिकेट ने कहा है कि उनके भी सभी खिलाड़ी 2025 के सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन्हें 2026 और 2027 के सीज़न के लिए रिटेन किया जाएगा वे उस समय भी उपलब्ध रहेंगे।

**बांग्लादेश :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 13 खिलाड़ियों की सूची भेजी है, हालांकि अगले तीन सीज़न के लिए इनकी अलग अलग उपलब्धता रहेगी। इस सूची में तसकीन अहमद, लिटन कुमार दास, मेहदी हसन, शाकिब अली हसन, रिशाद हुसैन, तौहीद हृदोय, शरीफुल इस्लाम, शोहिदुल इस्लाम, हसन महमूद, मेहदी हसन मिराज़, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, नाहिद राणा, तंज़िम हसन शाकिब।

## सार-समाचार

### रैली और नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता का संदेश

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जरूर जुडवाएं का संदेश रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सम्प्रेषित किया जा रहा है। शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। रैली को उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने नीमताल चैराहे पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मतदाता जागरूकता रैली ओवरब्रिज होते हुए दुर्गानगर चैराहे पर सम्पन्न हुई। यहां नुक्कड नाटको के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश दिए गए है। रैली और नुक्कड़ नाटक में ईएलसी क्लब के द्वारा नवीन भावी मतदाताओं को जागरूक करने के संदेश सम्प्रेषित किए गए है। रैली व नुक्कड़ नाटक में शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं, उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी तथा एसएटीआई व सेन्टमेरी के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई है।

### समिति की बैठक 25 को

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार 25 नवंबर को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कलेक्टोरेट के बेतवा सभागार में यह बैठक लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के उपरांत शुरू होगी। बैठक की सूचनाएं समिति के सभी सदस्यों को संप्रेषित की गई है।

### स्कूलों का औचक निरीक्षण जारी

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले की सभी शासकीय स्कूलों में अध्यापन कार्य नियमित हो बच्चे स्कूल हर रोज आएं परीक्षा पूर्व तैयारियों से संबंधित सभी आयामों से अवगत हो के औचक निरीक्षण हेतु विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। कलेक्टर के निर्देशों पर अध्यापन कार्य कराने वाले गुरुजन समय पर स्कूलों में उपस्थित हो कर शैक्षणिक कार्यो का संपादन कर रहे हैं कि नहीं इत्यादि की क्रास-मानिटरिंग के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। इसी कड़ी के तहत शुक्रवार को डीपीसी आरपी लखेरा ने बासौदा विकास खंड की अनेक स्कूलों का निरीक्षण किया है। उन्होंने प्राथमिक शाला मर्दाखेड़ी ब्लॉक बासोदा में शिक्षकों का कार्य सराहनीय पाया। क्लास एक के बच्चे भी जोड़ घटाना कर पा रहे है। क्लास 3 के बच्चे इंग्लिश के वाक्य पढ़ पा रहे है।

### मुस्लिम त्यौहार कमेटी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नगर पहुंचे



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुस्लिम त्यौहार कमेटी विदिशा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सोहैल अहमद बब्लू का सिरोंज आगमन हुआ। उनके आगमन पर एडवोकेट अख्तर खान एवं वरिष्ठ समाजसेवी आमिर अंसारी ने अपने साथियों सहित स्वागत कर बधाइयां दी। स्वागत करने वालों में असफाक गोरो, शाहबेज़ खान, आरिफ खान, छोटू देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

विकासखंड स्तरीय शिविर में आए 5 सौ से अधिक आवेदन

# अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर विधायक ने किया आमजन की समस्याओं का समाधान

**सिरोंज, देशबन्धु।** विधवा पेंशन, संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास,पेंशन सहित शासन की विभिन्न योजनाओं को लेकर आमजन की समस्याओं के समाधान करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा लगाए गए विकासखंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पांच सौ से अधिक नागरिकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही विधायक उमाकांत शर्मा ने त्वरित निराकरण कराया। इस दौरान विधायक ने स्वयं भी हितग्राहियों के बीच पहुंचकर आवेदनों को लिया व नागरिकों की समस्याओं को सुना।



शुक्रवार को स्थानीय बस स्टैंड पर आयोजित इस शिविर में सुबह दस बजे हितग्राही पहुंचना प्रारंभ हो गए थे। हितग्राहियों के आवेदन फार्म जमा करवाने के लिए प्रशासन ने अलग से काउंटर लगाया था। आवेदन जमा करने के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर विभागवार बनाए गए काउंटरों पर संबंधित आवेदन जमा कराए जा रहे थे। दोपहर करीब बारह बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने सबसे पहले विभागवार आवेदनों की समीक्षा करते हुए हितग्राही को बुलाकर उनकी समस्याओं को जाना और उनका निराकरण कराया। जिन आवेदनों का मौके पर निराकरण नहीं हो सकता था उनको सात दिन में हितग्राही को अवगत करने के निर्देश संबंधित विभाग को प्रदान किए जिसकी मॉनिटरिंग अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को सौंपी।

जनसमस्या शिविर के दौरान विधायक शर्मा ने विभागवार आवेदनों की समीक्षा करते हुए सबसे पहले जनपद पंचायत की सीईओ वंदना शर्मा को मंच पर बुलाकर उनसे हितग्राहियों की समस्याओं के आवेदनों को सुना। इस दौरान करीब आठ हितग्राहियों की पेंशन को उन्होंने मौके पर ही स्वीकृत कराया। इसी तरह सभी विभागों के अधिकारियों को क्रमश: मंच पर बुलाकर पूछताछ की तथा उचित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास,पंचायत में ग्रेवल सड़क, शौचालय, बिजली की डीपी,सिंचाई के लिए टेंपररी कनेक्शन,पेंशन,जमीन बंटवारे सहित अन्य समस्याओं को लेकर थे। शिविर में सबसे अधिक 146 आवेदन नगरपालिका से संबंधित एवं 127 आवेदन जनपद पंचायत से संबंधित समस्याओं को लेकर थे। इसके अलावा महिला बॉल विकास, अस्पताल, मंडी,खाद्य विभाग,से संबंधित थे। इसके पूर्व विकासखंड स्तरीय जनसमस्या शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान विधायक शर्मा ने मंच से कन्याओं का भी पूजन किया। इस दौरान शिविर में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी,पूर्व नपाध्यक्ष संतोष चौरे,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव,एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया,एसडीओपी उमेश तिवारी,सचिन शर्मा सहित सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**प्राचार्य का किया सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने मंच का संचालन कर रहे शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय के प्राचार्य मनोज शर्मा के द्वारा विद्यालय में छात्राओं की शिक्षा एवं प्रबंधन विषय में अनुशासनात्मक परिवर्तन कर आदर्श व्यवस्था बनाने एवं ऐतिहासिक रावजी की हवेली भवन जिसमें विद्यालय का संचालन होता है को संवारने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने आने वाले समय में रानी अहिल्या बाई होलकर को केंद्रित रखते हुए शाला भवन में छात्राओं के साथ एक कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के गुणात्मक विकास में सहयोग कर रहे पूरे स्कूल प्रबंधन,समस्त शिक्षकों का मंच से ही सेल्यूट किया तथा प्राचार्य मनोज शर्मा को शाल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

**70 वर्ष के बीस हितग्राहियों के मौके पर बनाए आयुष्मान कार्ड:** शिविर के दौरान कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर बीएमओ विकास सिंह बघेल ने 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके करीब बीस बुजुर्ग हितग्राहियों के आयुष्मान कार्डों को भी बनाया। जिनमें से करीब सात का वितरण शिविर स्थल पर ही विधायक शर्मा ने किया। एक ही दिन में आयुष्मान कार्ड बनकर मिल जाने से बुजुर्गो ने विधायक शर्मा को आशीर्वाद भी प्रदान किया।

**एक महीने में शुरू होगी गौशाला:** शिविर में नगर में घूमने वाले आवारा पशुओं और कुत्तों को पकड़ने सम्बंधी आवेदन भी आए थे जिस पर जानकारी देते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा और मेरे द्वारा गौसेवा,सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक कोशिश सदैव की जाती रही हैं। इसी श्रृंखला में हम एक हजार की गौवंश क्षमता वाली नवीन गौशाला का शुभारंभ एक माह के अंतराल में करने जा रहे हैं।

### हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में विदिशा जिला प्रदेश में तीसरा व संभाग में पहला स्थान पर

**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विदिशा जिले को सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण में लगातार दूसरे माह ए ग्रेड प्राप्त हुआ। जिले को प्रदेश स्तर से जारी होने वाले रैकिंग में तीसरा स्थान तथा भोपाल संभाग में पहला स्थान प्राप्त करने का गौरव मिला। विदित हो कि राज्य शासन द्वारा आम जनो के समस्याओं के त्वारित निराकरण हेतु सीएम हेल्प लाईन की सुविधा प्रदान की गई। जिसमें नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं की शिकायत की जाती है। जिसमें संबंधित विभाग द्वारा शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर उनके शिकायतों का निराकरण किया जाता है। शिकायतो के निराकरण के आधार पर प्रत्येक माह राज्य शासन द्वारा जिलावार रैकिंग जारी की जाती।

प्रदेश सरकार द्वारा अक्टूबर माह की रैकिंग बीस नवम्बर को जारी की गई जिसमें विदिशा जिले ने 82.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करने के साथ प्रदेश स्तर पर तीसरा तथा संभाग स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रदेश स्तर से जारी रैकिंग में ए ग्रेड प्राप्त करने पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा विभागीय अधिकारियों एवं उनकी टीम को बधाई देते हुये कहा कि आप सबके प्रयास से जिलें को लगातार दूसरे माह ए ग्रेड प्राप्त हुआ। आप सब आगे भी शिकायतों का निराकरण कर जिलें के नागरिकों को संतुष्टि पूर्ण सेवा उपलब्ध कराये।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** नेहरू युवा केन्द्र विदिशा के द्वारा जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर के मार्गदर्शन में शासकीय सीएम राइज स्कूल सिरोंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने बहुत सुन्दर चित्र बनाए। जिसमें से प्रथम स्थान दीपिका कक्षा 12 और द्वितीय स्थान आयुष कुर्मी कक्षा 11 और तृतीय स्थान सोनिका कुशवाह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी रामबाबू कुशवाह और सीएम राइज स्कूल प्राचार्य महेश ताम्रकार ने प्रतिभागियों को शील्ड से सम्मानित किया। इस दौरान सीएम राइज स्कूल प्राचार्य महेश ताम्रकार, शिक्षक संजीव माथुर, करन विश्वकर्मा, सुरेश जैन, मुकेश राठौर, आशिया अंजू, रूपाली जैन और राजेश दांगी, निशा जैन और नेहरू युवा केंद्र के पूर्व ब्लॉक प्रभारी समाजसेवी रामबाबू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारत भारती संस्कार जैन मंडल ने कलेक्टर के सानिध्य में 4 सौ ट्रॉलियों पर लगाई रेडियम



**विदिशा, देशबन्धु।** भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा शुक्रवार कलेक्टर रोशन सिंह के सान्निध्य में नई गल्ला मंडी में 400 ट्रालियों पर रेडियम लगाए गए। कलेक्टर रोशन सिंह ने मंडी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी ट्रालियों पर रेडियम लगा हो, जिससे कि रात की दुर्घटनाओं से बचाओ हो सके। कलेक्टर द्वारा स्वयं रेडियम की पट्टियां ट्रालियों पर लगाईं। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि गत 14 वर्षों से मंडल द्वारा रेडियम लगाने का कार्य किया जा रहा है। भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा कलेक्टर का आभार व्यक्त किया गया। मंडल द्वारा नीता सराफ की बेटी निकिता सराफ का सहयोग के लिए आभार माना। इस अवसर पर समाजसेवी आदेश जैन, राजकुमार शर्मा, चिपिन सराफ, महेंद्र जैन, राजेश राय, पार्षद चक्रेश जैन, मंडी सचिव नीलकमल वैद्य, मंडल प्रमुख नीता सराफ, विद्युत जैन, सपना जैन, संध्या जैन, किरण सिंघई, नीतू जैन सहित मंडल की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## शास्त्री महाविद्यालय के 3 खिलाड़ियों का ऑल इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने शासकीय महाविद्यालय बैढ़न सिंगरौली में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने-अपने वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सत्यम रघुवंशी, बंटी गुर्जर एवं गुंजन शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदियों को परास्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सिरोंज महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने उन पहलवानों को हराया जो पहले से ही हरियाणा एवं दिल्ली में प्रैक्टिस कर रहे थे। इसके पूर्व भी महाविद्यालय की तीन छात्राएं हॉकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुकी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा की खेलों के प्रति रुचि एवं क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दृढ़ इच्छा शक्ति का सुखद परिणाम है। महाविद्यालय के प्राचार्य , क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर वसीम उल्ला खान, डॉक्टर समृथ निनामा एवं स्टाफ ने पूरी कार्य योजना के साथ पूर्ण मनोयोग से काम किया। खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करवाने में राहुल नामदेव एवं उनकी टीम का भरपूर सहयोग रहा है। जिसका परिणाम सबके सामने है। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव एवं जन भागीदारी सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। खेल के क्षेत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समस्त स्टाफ ने डॉ वसीम उल्ला खान एवं क्रीड़ा विभाग की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।



## पर्यावरण सरंक्षण और जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन

**विदिशा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश जैन, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय सह संयोजक, विशेष अतिथि शिव शंकर एवं पुरुषोत्तम, विशिष्ट अतिथि रुपेश लाड़ थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के उपरांत संस्था की प्राचार्य डॉ. सुमन कटारिया ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया, तदुपरांत अंकित पाठक जो कि पर्यावरण जिला टोली के सदस्य हैं ने सभी सम्मानित अतिथियों का परिचय पढ़ा। कार्यक्रम की प्रस्तावना शिव शंकर के माध्यम से प्रस्तुत की गई। अपने मुख्य वक्तव्य में राकेश जैन ने प्रकृति पर्यावरण और वर्तमान संदर्भों को उल्लेखित करते हुए सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा यह बताया कि बढ़ती जनसंख्या के आनुपातिक रूप में पर्यावरण का संरक्षण नहीं हो पाया है। साथ ही साथ बढ़ते हुए प्लास्टिक के प्रयोग ने पर्यावरण को निरंतर क्षति पहुंचाई है, इसके दुष्परिणाम जनधन की हानि के रूप में हम देख रहे हैं। उन्होंने जल, जमीन, जंगल, जानवर और जन का संदेश देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि अगर इन सबका संरक्षण करना चाहते हैं तो हमें अपने भौतिकवादी समय में प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग की ओर लौटना होगा तथा सबके सामूहिक प्रयासों से ही यह सफल हो जाएगा।

ाज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मैच समाप्त

## कीर्ति के गोल स्कोर की बदौलत नर्मदापुरम संभाग सेमीफाइनल में पहुंचा



**विदिशा, देशबन्धु।** जिला खेल परिसर में आयोजित हो रही 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने अतिथि के रूप में समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कटारे, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन तिवारी, उपाध्यक्ष शशिकांत राव, तेजेंद्र सिंह बन्नू, सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी लाला, प्रवक्ता मनोज शर्मा, ओलंपस हाईस्कूल के डायरेक्टर यशपाल रघुवंशी, एसएटीआई कॉलेज के प्रोफेसर जलज त्रिपाठी, बिजनेसमैन चरण सिंह यादव, अधिवक्ता सुमित ओझा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, तरुण सूर्यवंशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के लीग मैच के अंतिम चरण का आनंद लिया। वहीं समाज से भी मनोज कटारे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत हार खेल का एक हिस्सा है, लेकिन वह जीत हार को जीत हार न मानते हुए नंबर का खेल समझते हैं और यह सभी को समझना चाहिए कोई एक नंबर पर रहा तो कोई दूसरे नंबर पर। बालक वर्ग में तीसरे दिन रात्रि में हुए मुकाबले में भोपाल को इंदौर ने 1-0 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं चौथे दिन हुए मुकाबले में नर्मदापुरम और उज्जैन के मध्य 1-1 से ड्रा हुआ। अपने अंतिम लीग मुकाबले में भोपाल ने शहडोल को 1-0 से हराकर क्वालीफाई की राय पक्की की। बालिका वर्ग में इंदौर और जनजाति के मध्य कड़ा मुकाबला देखने को मिला और दोनों ही टीमों कोई भी स्कोर ना करते हुए ड्रॉ पर मैच समाप्त कर सकीं। ग्वालियर ने रीवा को 2-0 से हराकर अंक तालिका में उलट फेर किया। अंतिम लीग मुकाबले भोपाल बनाम नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। नर्मदापुरम की कीर्ति ने अंतिम चरणों में गोल दाग कर भोपाल से विजयश्री छीनते हुए क्वालीफाई की राह में बनी हुई है। जबलपुर बनाम शहडोल के मध्य हुए मुकाबले मे शहडोल ने जबलपुर को 1-0 से हराया।

## थोड़े से प्रयासों से लाखों घरों में नल से जल पहुंचने लगेगा: पी नरहरि

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सचिव ने की समीक्षा




**विदिशा, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी नरहरि ने शुक्रवार को विदिशा जिले में विभाग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की है। कलेक्ट्रेट बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षात्मक इस बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता केके सोनगरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सचिव नरहरि ने पेयजल आपूर्ति के लिए जिले में किए जा रहे कार्यो का मंथन करते हुए कहा कि आप सबके थोड़े से सफल प्रयासो से लाखो घरो में नल से जल पहुंचने लगेगा यह सब कार्य समय पर हो तब उसकी महत्वता और बढ़ी जाती है। उन्होंने विदिशा जिले की सभी सिंगल विलेज स्कीम को मार्च 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि एक दो दिन नल से पानी दिया और फिर गांव में वैसी ही परिस्थितियां बन जाए। स्कीम पूर्ण होने का मतलब निर्वाध रूप से घरो में नल से जल पहुंचाना है उसमें किसी भी प्रकार के व्यवधान स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे जैसे की मोटर खराब हो गई, वोर धंस गया, पाइप लाइन टूट गई ये सब बहाने बिल्कुल मान्य नहीं किए जाएंगे।

सचिव नरहरि ने कहा कि भागीरथ प्रयासों के मूल्यों से हर घर नल से जल पहुंचाने के प्रयास शासन की मंशा के अनुरूप किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि जल मिशन के द्वारा सिंगल कनेक्शन पर 35 से 40 हजार रूपए खर्च किए जा रहे है। वहीं मल्टी स्कीम में तो 75 से एक लाख रूपए तक वैल्यू आ रही है। इतनी राशि खर्च होने पर उसका परफार्मेंस खराब नहीं होना चाहिए। उन्होंने जलकर वसूली पर बल देते हुए कहा कि यदि कोई उपभोक्ताओं हर माह राशि नहीं दे पा रहा है तो केरीफार्वड की व्यवस्था क्रियान्वित करें।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी नरहरि ने समीक्षा बैठक में कहा कि सम्पूर्ण विदिशा जिला प्रदेश में अच्छी सर्विस देने से जाना जाए जलकर राशि मिलने से यह सिद्ध होगा कि क्षेत्र में नल से जल संबंधी सर्विस उच्च क्वालिटी की है। उन्होंने जलकर वसूली के कार्यो में महिला स्वसहायता समूह की मदद लेने के सुझाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं ऐसी हो कि स्कीम 25 से 30 वर्ष तक अनवरत रूप से चले। उन्होंने विकासखण्डवार अब तक संपादित किए गए कार्यो की समीक्षा के दौरान संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और उपयंत्रियों से कहा है कि आपसी समन्वय स्थापित कर हर घर में जल पहुंचे के कार्य समय सीमा में हो इसके लिए स्थानीय स्तरों पर नवाचार कर जिले की ख्याति में बढ़ोत्तरी करें। बैठक में हर घर जल घोषित प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान कहा गया कि भारत सरकार के दलो द्वारा औचक निरीक्षण भ्रमण कर नल जल योजना के कार्यो का जायजा लिया जाता है अत: शत प्रतिशत कार्य तभी माने जाएंगे जब हर घर जल हर रोज पहुंचे। इस दौरान विभिन्न स्तरो पर कव्हरेज वाले ग्रामो को शत प्रतिशत पूर्ण कराने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया है।

सचिव पी नरहरि ने कहा कि समय पर हर घर में जल पहुंचेगा तो विभाग की सीएम हेल्पलाइने नगण्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर में हर दिन जल का उपयोग कर रहे है ठीक वैसे ही ग्रामीण क्षेत्रो में विभागीय स्कीमो के माध्यम से जल पहुंचे और स्थानीय सभी ग्रामीणजन सदुपयोग करें।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### आज निकलेगी बाबा काल भैरव की पेशवाई

**बैतूल।** भैरव अष्टमी के अवसर पर आज 23 नवंबर, शनिवार को शाम 4 बजे चक्कर रोड से बाबा काल भैरव की भव्य पेशवाई निकाली जाएगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि भैरव अष्टमी के अवसर पर यह भव्य पेशवाई पिछले तीन वर्षों से धूमधाम से आयोजित की जा रही है। बाबा काल भैरव की पालकी को परंपरागत अनुष्ठानों के साथ भक्तों के बीच निकाला जाएगा। इस वर्ष भी आयोजन में भक्तिमय झांकियों, भजन-कीर्तन और अखाड़ों के प्रदर्शन का विशेष आयोजन किया गया है।



बाबा काल भैरव समिति के आयोजकों ने बताया कि यह पेशवाई बाबा काल भैरव के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है और इसमें शामिल होकर भक्त अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। भव्य पेशवाई चक्कर रोड से प्रारंभ होकर थाना चौक, अखाड़ा चौक, लल्ली चौक से होते हुए थाना चौक तक पहुंचेगी और महाकाल मंदिर में समापन होगा। भक्तों के बीच इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस यात्रा को भक्ति और आस्था का अनूठा अनुभव बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाबा काल भैरव की यह पेशवाई निश्चित रूप से जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में यादगार साबित होगी।

### ग्राम जुनावानी में हुआ बोरीबंधान कार्यक्रम

**बैतूल, देशबन्धु।** जल संरक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने यह बात जुनावानी में आयोजित बोरीबंधान कार्यक्रम



के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। प्रिया चौधरी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें सदानीरा नदियां, हरे-भरे जंगल और वन संपदाओं से भरपूर प्राकृतिक संसाधन दिए थे, लेकिन हमने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए इन संपदाओं का अंधाधुंध दोहन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। अब इनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हमारी है, जिसमें जल संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण है।

आठनेर विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने जानकारी दी कि आठनेर विकासखंड के सभी सेक्टरों में जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी से बोरीबंधान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जुनावानी, पांढुरना और अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोरपानी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य राजू सलामे ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक और प्रभावी प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा जल है तो कल है। जल ही जीवन है। इसके बिना इस दुनिया की कल्पना करना असंभव है।।कार्यक्रम के पश्चात जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने प्रस्फुटन समितियों और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के छात्रों के साथ बैठक कर जल संरक्षण पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कोना-कोना शिक्षा अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** स्थानीय विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईएसएम द्वारा प्राचार्य डॉ.कृष्णा खासदेव सर के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को किया गया।

कार्यशाला में आरपी जितेंद्र धुंडे द्वारा प्रथम दिवसीय कार्यशाला में बजट एवं निवेश, प्राथमिक बाजार, निवेश का महत्व, वित्तीय बाजार में संभावनाएं, प्रतिभूति बाजार में निवेश की प्रक्रिया एवं वन इडियट मूवी का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन वित्तीय बाजार, म्युचुअल फंड में निवेश, प्रतिभूति बाजार में निवेश में सावधानियां, प्रतिभूति बाजार में करियर के अवसर के विषय पर विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को दी गई। प्रथम दिन भी प्री-क्विज एवं दूसरे दिन फाइनल क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिल सोनी, प्रोफेसर श्रीराम निर्मले, प्रोफेसर श्वेतल चौबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अनिल सोनी ने किया। कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

### जिले की महिला कबड्डी टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल जिले के लिए यह गौरव की बात है कि जिले के खेल इतिहास में पहली बार महिला कबड्डी टीम का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस टीम की सभी खिलाड़ी बेटियॉ जनजातीय समाज की है।

मध्यप्रदेश कबड्डी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होनें के लिए जिले की कबड्डी टीम की खिलाड़ियों को बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें अपने निवास पर शुभकामनाएं देकर जबलपुर के लिए रवाना किया। श्री खण्डेलवाल नें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई जिले की महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ियों के लिए किट,आवागमन एवं भोजन की व्यवस्था कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिल कबड्डी संघ के सचिव नितेश राजपूत,समन्वयक राधेलाल बनखेड़े,वरिष्ठ खिलाड़ी संघ के अध्यक्ष संयोजक रमेश भाटिया''काका'' ,वरिष्ठ खिलाड़ी-समाजसेवी हेमंतचन्द्र बबलू दुबे,टीम की कप्तान कुमारी सितारा कुमरे सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

# मिश्रित फीडरों में बिजली कटौती: ग्रामीणों को रहना पड़ रहा अंधेरे में , विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही बाधित

### जल्द समाधान की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा आदिवासी विकास संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह इवने के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में दामजीपुरा सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले मिश्रित फीडरों में बिजली कटौती की समस्या के समाधान की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह इवने ने बताया कि दामजीपुरा सब-स्टेशन के अंतर्गत देसली फीडर, झिरना बटकी, झाकस और दामजीपुरा शहरी घरेलू मिश्रित फीडर में बिजली विभाग द्वारा 3 फेस विद्युत प्रदाय के लिए निर्धारित समयावधि बेहद असंतोषजनक है। देसली, झिरना बटकी और झाकस फीडर में केवल दिन में 4 घंटे और रात में 6 घंटे बिजली दी जा रही है, जबकि दामजीपुरा शहरी घरेलू फीडर में दिन में 6 घंटे और रात में 6 घंटे यानी कुल 12 घंटे बिजली दी जा रही है। ज्ञापन में बताया कि इन क्षेत्रों में शेष समयावधि में 3 फेस बिजली पूरी तरह से बंद रहती है, जिसके कारण ग्रामीणों को रात के अंधेरे में रहना पड़ता है। इससे सबसे अधिक परेशानी स्कूल के छात्रों को हो रही है, जिनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। इसके अलावा, 24 घंटे सिंगल फेस बिजली न होने के कारण



ग्रामीणों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन ने मांग की है कि दामजीपुरा सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गांवों में 24 घंटे सिंगल फेस बिजली उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, देसली, झिरना बटकी और झाकस फीडर में 3 फेस बिजली की आपूर्ति दिन में 6 घंटे और रात में 6 घंटे यानी कुल 12 घंटे की जाए। जितेंद्र सिंह इवने ने कलेक्टर को अवगत कराया कि यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

जिला उपाध्यक्ष अविनाश धुर्वे ने कहा कि ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए। सूरज सलामे ने कहा विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन को समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अविनाश धुर्वे, रामदास उइके, सुनील कवड़े, करण चढ़ोकार, दीपक उइके, आशीष उइके, भरत कुमार भलावी, ब्रजेश धुर्वे, सुमित उइके, राजकुमार उइके, मोहित कवड़े, सूरज सलामे, रोहित इरपाचे, कपिल कवड़े, गजानंद धुर्वे, परसराम पांसे, विजय उइके और राम भास्कर सहित अन्य युवा साथी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने आग्रह किया कि प्रशासन उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

# कलेक्टर श्री सिंह ने दूरस्थ ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

### ग्राम रातामाटी, बिटिया, जूनापानी व मालेगांव का किया दौरा

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को जिले के दूरस्थ ग्राम रातामाटी, बिटिया, जूनापानी व मालेगांव का दौरा किया और वहां के ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम जूनापानी के स्कूल का निरीक्षण किया तथा स्कूल भवन की छत मरम्मत बनाने के लिये ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने स्कूल के नये भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के लिये भी कहा। उन्होने स्कूल के किचन



शेड का भी निरीक्षण किया और तैयार हो रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी।

कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्राम जूनापानी के आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों से पोषण आहार वितरण के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से आंगनवाड़ी के बच्चों के टीकाकरण के संबंध में जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी के बच्चों को टॉफी और बिस्किट वितरित किए। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को ग्राम जूनापानी में ग्रामीणों की राजस्व विभाग संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग से शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अब रातामाटी तक पक्का डामरीकृत मार्ग हो गया है, जिससे उन्हें आने जाने में समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने जूनापानी की उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बिटिया का निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड स्त्रोत समन्वय को निर्देश दिए कि हर माह में कम से कम एक बार बिटिया और रातामाटी जैसे दूरस्थ ग्रामों का दौरा कर स्कूलों का निरीक्षण करें। उन्होंने ग्राम बिटिया की उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि रविवार को ग्राम बिटिया में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आधार पंजीयन और आधार अपडेट करने जैसी समस्याओं का निराकरण कराएं। उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को भी इस शिविर में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए कि ग्राम बिटिया के सभी बस्तियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम बिटिया की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के टीकाकरण और पोषण आहार वितरण की जानकारी ली तथा महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि गांव के कुपोषित बच्चों को पास के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं ताकि उनका उपचार किया जा सके।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम मालेगांव के मिडिल स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन वितरण और नि:शुल्क पुस्तक वितरण की जानकारी बच्चों से चर्चा कर ली। ग्राम मालेगांव के आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को ट्रॉफी एवं बिस्किट वितरित किए और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों को मोरिंगा पाउडर और मिल्क पाउडर नियमित रूप से दें ताकि उनका कुपोषण दूर हो सके। ग्राम मालेगांव के भ्रमण के दौरान स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अधूरा पाया गया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी प्रकट की और पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

### ग्राम रातामाटी के शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

जिले के दूरस्थ वनग्रामों में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए इन दिनों जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम रातामाटी में आयोजित शिविर में कलेक्टर आदित्य सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में आधार अपडेट और आधार पंजीयन जैसे कार्य नहीं हो पाते



हैं, जिस पर उन्होंने जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों के माध्यम से ग्रामीणों के आधार पंजीयन व आधार अपडेट करने का कार्य गांव में ही कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान पंजीयन की कार्यवाही की गई। श्री सिंह ने शिविर में अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए के गांव में आज शाम तक शिविर में रुककर स्वरोजगार के लिये लोन लेने के इच्छुक ग्रामीणों के टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत प्रकरण तैयार करें। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस को रातामाटी में नियमित रूप से आकर ग्रामीणों को उनके गांव में ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएं। ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री सिंह को बताया कि गांव में विद्युत का वोल्टेज बहुत कम आता है, जिस पर उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को विद्युत वोल्टेज की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को ग्रामीणों के बकरी पालन संबंधी स्वरोजगार प्रकरण बनाने के लिए भी कहा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियों का हुआ आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आगामी जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय गतिविधियों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। डॉ. धीरा शाह, नेक प्रभारी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनकी अद्भुत प्रस्तुति हेतु प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही महाविद्यालय में नैक होने वाला है



कार्यक्रम के द्वितीय दिवस निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । निबंध प्रतियोगिता में वीनस निमोरे प्रथम, कपिल भुसारे द्वितीय एवं रेशमा मालवीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया धोत्रे ने प्रथम, स्वाति उइके ने द्वितीय एवं संतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रविशंकर सोलंकी ने प्रथम, विवेक ने द्वितीय एवं प्रतिष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रीतम सेठी को प्रथम, कपिल भुसारे को द्वितीय एवं सिमरन मालवीय को तृतीय स्थान तथा लोकनृत्य प्रतियोगिता (बिरसा मुंडा) में कपिल भुसारे एंड ग्रुप को प्रथम, स्वाति ढाका एंड ग्रुप को द्वितीय एवं सिमरन मालवीय एंड ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह भारतीय लोकगीत प्रतियोगिता में प्रीतम सेठी को प्रथम, रेशमा को द्वितीय एवं सिमरन को तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उक्त सभी अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों/प्रतियोगिताओं में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों को एवं विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इसलिए सभी को उत्कृष्ट सांस्कृतिक गतिविधि को तैयार करने की सलाह दी। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी । उन्होंने आगे बताया कि निर्धारित कैलेंडर अनुसार प्रति माह भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां सतत जारी रहेंगी। सभी गतिविधियों के परिणाम प्रस्तुत करते हुए डॉ सी पी गुप्ता ने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया और विश्व गुरु बनाने का श्रेय भारतीय विज्ञान, ज्ञान और संस्कृति की परंपरा को था। यदि पुन: भारत को विश्व महा शक्ति और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में शामिल होना है तो उसे प्राचीन गौरव को समझना होगा और उस पर अमल करना होगा। कार्यक्रम संचालन बसंत सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी व्ही के बिछोतिया, डॉ. निर्मला डोंगरे, डॉ. सी.पी. गुप्ता, डॉ धर्मेंद्र कोरी, डॉ कैलाश सोलंकी, डॉ दुर्गेश तेली, श्री मनीष परसाई, डॉ आशा गायकवाड़, डॉ प्रियंका राय, डॉ वंदना मगरदे, डॉ शितिका बरकले, डॉ पारसनाथ बेले, लोकेंद्र पाटीदार, अनिल कौशल, पूनम गुर्जर, प्रतिष्ठा कुमेकर, डॉ मोहनलाल सूर्यवंशी, श्रीमती गुंजन सोलंकी, शशांक शुक्ला, अंशुल जोशी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीखा शिल्पकला का हुनर , प्रमाणपत्र पाकर हुए प्रोत्साहित

#### जनजातीय गौरव दिवस पर तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** हस्तशिल्प सेवा केंद्र, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बैतूल जिले के मानसरोवर द स्कूल में 18 नवंबर से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम एवं भारतीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी जनजातीय समुदाय के शिल्पकारों ने अपने शिल्पकला उत्पादों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को इसे बनाने के गुर भी सिखाए। कार्यक्रम में



स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वयं द्वारा बनाए गए क्राफ्ट आइटम प्रदर्शित किए। छात्रों की इस शानदार भागीदारी के लिए हस्तशिल्प सेवा केंद्र, वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र देकर हौसला बढ़ाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन 18 नवंबर को स्कूल के प्रिंसिपल, अवधेश ठाकुर सहायक निदेशक, हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, दिलीप कुमार हस्तशिल्प अधिकारी, और देवेंद्र सिंह कार्यकारी निदेशक, दृष्टिकोण आर्ट एंड क्राफ्ट प्रोड्यूसर ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में अवधेश ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय कला, संस्कृति और शिल्पकला से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार, इस प्रकार के कार्यक्रमों से शिल्पकला को बढ़ावा मिलेगा। यह रोजगार का एक बड़ा साधन भी बनेगा। उन्होंने सरकार द्वारा कारीगरों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।।स्कूल के प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को नई कला सीखने और अपने अंदर एक विशेष हुनर विकसित करने का मौका मिलता है।

# आदर्श ग्राम बाचा की बेटी प्रिया को नीट परीक्षा में मिली सफलता

### वेटनरी साइंस कॉलेज रीवा में हुआ चयन, कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर पाया मुकाम

**बैतूल, देशबन्धु।** आदर्श ग्राम बाचा की बेटी प्रिया कवड़े ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। प्रिया का गवर्नमेंट वेटनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी कॉलेज, रीवा में चयन हुआ है। पिता अजय कवड़े और भाई प्रहलाद कवड़े के निधन के बाद मुश्किल हालातों में भी प्रिया ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की। बैतूल के प्रतिष्ठित मेडिटेक कोचिंग संस्थान में डॉक्टर राजा धुर्वे के मार्गदर्शन और शिक्षकों ईश्वर धुर्वे, नितेश धुर्वे, दिनेश धुर्वे, जगदीश परते और जीपी सर की प्रेरणा से प्रिया ने इस सफर को तय किया।

प्रिया का कहना है कि उनके पिता का सपना था कि वह डॉक्टर बनें। आज अपने परिवार और गांव के सहयोग से वह उस सपने को साकार कर रही हैं। प्रिया की सफलता पर पूरे कवड़े परिवार और ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। प्रिया की इस सफलता ने आदर्श ग्राम बाचा को गौरवान्वित किया है। ग्रामवासियों ने प्रिया की मेहनत और संघर्ष को सराहा और इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया। उनकी सफलता ने साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियां भी मेहनत और दृढ़ संकल्प को नहीं रोक सकतीं।




प्रिया ने बताया कि बड़े पापा राजेंद्र कवड़े (भूतपूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत खदारा, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य, बैतूल) और बड़ी मम्मी श्रीमती तारा राजेंद्र कवड़े (सरपंच, ग्राम पंचायत खदारा) ने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन दिया। प्रिया की मां श्रीमती कविता कवड़े और बड़े भाई गोविंदा कवड़े (शिक्षक) ने भी उनका मनोबल बढ़ाया। दादाजी शिवप्रसाद कवड़े, दादी जगोती कवड़े, छोटे दादाजी किशोर कवड़े, रवि कवड़े, मिथलेश कवड़े, राजकुमार कवड़े (शिक्षक), विनीता कुमरे (दीदी), रवि कुमरे (जीजाजी), देवसु कवड़े, आदित्य कवड़े, सुखदेव कवड़े अरुण कवड़े संजू कवड़े गांव के हीरालाल उईके, योगेंद्र उईके (पंच), शरद सिरसाम (भूतपूर्व उपसरपंच), श्री अनिल उईके, सुधीर ढाकरे, सरवन धुर्वे, राकेश कुमरे, कमलेश कुमरे, ब्रज उईके, सूरज ऊईके, गोरू कुमरे और छोटू आहके ने प्रिया की इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

### किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। हरदा जिले में कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की निगरानी में किसानों को उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि जिले में रबी वर्ष 2024-25 में किसानों को सुगमता से उर्वरक की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अद्यतन स्थिति में यूरिया उर्वरक 29497.6 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 25437.346 मैट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरण किया जा चुका है तथा 4060.254 मैट्रिक टन जिले में अभी उपलब्ध है। इसी प्रकार डी.ए.पी. उर्वरक 16128.3 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 14616.75 मैट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरण किया जा चुका है तथा 1511.55 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। इसी प्रकार एन.पी.के. काम्प्लेक्स उर्वरक 8866.4 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 8760.49 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 105.91 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। उन्होने बताया कि सिंगल सुपर फास्फेट 11570 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 10467.91 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 1102.09 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट: डीसीए और बालाजी ने जीते अपने लीग मैच

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला जिला क्रिकेट एसोसिएशन बैतूल के तत्वाधान में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम कोठी बाजार में आयोजित स्वर्गीय बुधराव देशमुख पूर्व विधायक एवं स्व ठाकुर चंद्रचूड़ सिंह किलेदार की स्मृति में राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पहला मैच डीसीए (एम) और सिटी 11 आमला के मध्य खेला गया।



संगठन के सचिव अनिल दत्त दीक्षित ने बताया कि प्रारंभ में खिलाड़ियों से परिचय जिला उद्योग केंद्र के जनरल मैनेजर रोहित डाबर ने प्राप्त किया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नितिन देशमुख ने बताया कि डीसीए (एम) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सिटी आमला की टीम की शुरुआत अच्छी रही पहले विकेट के लिए निलेश और मंटू ने 7.5 ओवर में 64 रन बनाए। रन आउट होने से पहले निलेश ने 18 रन बनाए जबकि मंटू ने 44 रन की पारी खेली। 78 रनों पर दूसरा विकेट आशीष के रूप में गिरा। इसके बाद इस मैच के हीरो निखिल रघुवंशी ने जादूई गेंदबाजी करते हुए अपने निर्धारित चार ओवर में 13 रन देकर 5 विकेट लेकर टीम को 118 रनों पर रोक दिया। कप्तान दीपक रघुवंशी ने दो तथा अल्फेज ने एक विकेट लिया। 119 रनों के साधारण स्कोर भी डीसीए (एम) पर भारी पड़ा। पहला विकेट निखिल रघुवंशी के रूप में 14 रनों पर ही गिर गया। दो विकेट 19 रनों पर तथा तीसरा विकेट 30 रनों पर गिरा। पवन मालवीय और साहिल कवड़े ने क्रमश: 29 और 30 रन बनाकर टीम को दो विकेट से जीत दिला दी। अंपायर मनोज दहिकर और पल्लवी यादव तथा स्कोरर दर्शिता जैन थी। आमला की ओर से अमित, रितेश और मंटू ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार निखिल को दिया गया।

मुख्यमंत्री ने नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले को किया संबोधित, बोले-

# एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र

## सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले डॉक्टर हैं गड़करी जी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि आधारित उद्योगों को घर-घर पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र मिलकर काम करेंगे। एक और एक दो नहीं, एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नागपुर में आयोजित एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मात्र मेला नहीं बल्कि यह भविष्य के सुशासन की समृद्धशाली भारत और प्रदेश के बनने की इसने नींव डाली है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले सिद्धहस्त डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि आधारित कामों के आधार पर प्रदेश की पहचान होती है। मैं तारीफ करता हूँ कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार घर-घर में कृषि आधारित मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन जैसे घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादन, उत्पादकता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उत्पादों के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध कराने पर भी फोकस किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के मंत्री एवं अधिकारियों का एक दल मेले के अवलोकन एवं अध्ययन के लिए भेजा जाएगा।

### गौ-पालन से बढ़ेगी आमदनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने गौ-पालकों की आय बढ़ाने अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि हम श्रीकृष्ण को मानने वाले हैं, जिनके घर गायें है वे गोपाल हैं और जिनके घर में गाय का कुल है वह घर गोकुल है। मराठी में बछड़े-बछिया को गौरा और गौरी कहते हैं। हमने गौ-पालकों को गाय के स्थान पर गौरी देने की योजना बनाई है। गौ-पालक 5 गौरी ले जाएं और अपने घर पर उनको बड़ा करें, गौ-पालक 2 गाय अपने घर में ही रख लें और 3 गायें हम खरीदेंगे। गौ-पालक दूध का विक्रय करेंगे उससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

### महाराष्ट्र मेरा पुश्तैनी घर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराष्ट्र में आकर ऐसा लगा जैसे मैं अपने घर आ गया हूँ। माता अहिल्या और महादजी सिंधियां की पृष्ठ भूमि महाराष्ट्र राज्य से जुड़ी हुई है। माता अहिल्या को मैं प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने उस समय खेती के लिए सिंचाई व्यवस्था के रूप में कुओं का निर्माण करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित कुलगुरू शरद घटक, कुलगुरू नितिन पाटिल, अब्दुल्ला एवं पेसा एक्ट के प्रेसिडेंट टी.आर. केशव, दीपक शाह, विक्रम भाग एवं जी. पाटिल का अभिवादन भी किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई बैठक : प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य नेता हुए शामिल

# जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के लिए दिल्ली में हुआ मंथन

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की आज दिल्ली में एक अहम बैठक हुई, जिसमें भाजपा संगठन चुनाव की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और उनके साथ प्रदेश चुनाव अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा संगठन में मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव होना है, इसे लेकर शुक्रवार को दिल्ली में बड़ी बैठक बुलाई गई थी। यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में अयोजित की गई। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केन्द्रीय चुनाव प्रभारी व अन्य नेता मौजूद थे। प्रदेश के वीडी शर्मा के अलावा विवेक शेजवलकर, रजनीश अग्रवाल, जीतू जिराती, अर्चना चिटनीस और प्रभुलाल जाटव इस बैठक में शामिल रहे।



बताया जाता है कि 30 नवंबर से पहले मध्यप्रदेश में मंडल स्तर के चुनाव संपन्न कराए जाने पर चर्चा हो सकती है। दिसंबर के पहले सप्ताह में जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रगति पर पदाधिकारी के साथ बातचीत होगी। जानकारी के मुतबिक 15 दिसम्बर तक आधे राज्यों में नए अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। तत्तपश्चात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में मांगे सुझाव, प्रदेश प्रभारी ने कहा-

# मैदानी स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढांचे की आवश्यकता

**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस को मैदानी स्तर पर मजबूत करने के लिए संगठनात्मक ढ़ांचे की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों से उनके दायित्वों, कर्तव्यों पर अपेक्षाकृत संगठनात्मक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया है। पदाधिकारियों को सौंपे गए प्रभार और उनकी कार्यप्रणाली को लेकर सक्रियता से काम करने के लिए कहा गया।





श्री सिंह आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में आहूत प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी संगठनात्मक मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सकारात्मकता के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि संगठन को पूरे अनुशासन के साथ संचालित किया जाएगा। जहां जिसकी सहभागिता सुनिचिश्चित की जाएगी। पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस संघर्ष के दौर से गुजर रही है। मैं भी आपकी तरह हूं, हम सभी को एक साथ मिलकर काम करना है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए जो भी कार्यशैली अपनाना पड़े उसे हम सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकर योजना बनाकर संगठन की मजबूती के लिए पूरी सक्रियता से काम करेंगे।

श्री पटवारी ने कहा कि आज की बैठक में सभी पदाधिकारियों से सुझाव लिए गए। श्री पटवारी ने कहा कि जो जिला प्रभारी बनाए जाएंगे वे अपने प्रभार के जिले में संगठन की मजबूती के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर के कांग्रेसजनों के साथ समन्वय बनाकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। बैठक में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य ओमकार सिंह मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव संजय दत्त, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कांवरे, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक झूमा सोलंकी, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, प्रियव्रत सिंह, जयवर्धन सिंह, फूलसिंह बरैया, विक्रांत भूरिया, विपिन बानखेड़े, कुणाल चौधरी और राजकुमार केलू उपाध्याय मौजूद थे। बैठक का संचालन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने किया। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 5 प्रस्ताव हुए पारित

संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से 5 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें ग्राम पंचायत, वार्ड पंचायत, बूथ स्तर पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाये, संगठन से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए किस प्रकार प्रक्रिया अपनाई जाए, नगरीय निकाय क्षेत्र में वार्ड कांग्रेस का गठन किया जाए, जिलों में सौंपे प्रभारियों के दायित्वों, क्रियान्वयन और प्रगति रिपोर्ट, एक माह में वार्ड कमेटी व ग्राम पंचायत कमेटी के गठन को लेकर जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचा तैयार करने, विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जाना आदि प्रमुख हैं।

# जेपीसी से कराएं अडानी मामले की जांच : कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** अमेरिका में अडानी के खिलाफ वारंट जारी होने के बाद भी भारत के गरीब निवेशकों का एक दिन में ही 226531 करोड़ रूपया डूब गया है। अमेरिका में की गई इस धोखाधड़ी के कारण 600 मिलियन डॉलर के ब्रांड को अमेरिका में रिलीज किया जाना चाहिए, उन्हें भी एक दिन पहले बिक्री से अडानी कंपनी को वापस लेना पड़ा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए यह बात कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष में अदानी और उनके निवेशकों को जो घाटा हुआ है। वह अपनी जगह है, लेकिन समूचे बाजार पर इसका असर होने से देश की नामचीन और ईमानदार कंपनियां भी लाखों करोड़ों रूपयों का नुकसान उठा चुकी है। श्री पटवारी ने मांग की है कि इस घोटाले की जांच संसद की जेपीसी से कराई जानी चाहिए। जिनमें सरकारों या अधिकारियों को 2 हजार करोड़ से अधिक की रिश्वत बांटी गई है। उन सरकारों को और उनके अधिकारियों को जांच के दायरे में शामिल किया जाए। अमेरिकी सरकार से जांच के तथ्यों को सजाकर रिश्वतखोरी के गंभीर अपराध पर भारत में भी मुकदमा दर्ज किया जाए।

> भारत के गरीब निवेशों के 2 लाख 26 हजार 531 करोड़ रुपए डूबे

श्री पटवारी ने कहा कि अमेरिका में रिश्वत कांड में अदानी के खिलाफ जांच भी हो गई और गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो गया, किंतु भारत में इसके बाद भी न तो इस कंपनी के खिलाफ कोई जांच शुरू हुई न सेबी ने पूछताछ की। न ही अदानी की कंपनियों के पावर परचेज ऑर्डर उद्द किए गए, जबकि भारत में भी रिश्वत मांगना एक अपराध है। रिश्वत देना एक अपराध है। क्या भारत की सरकार इस मुकदमे और जांच के आधार पर अमेरिकी सरकार से जांच के तथ्य मंगाकर भारत में भी रिश्वत और भ्रष्टाचार का मुकदमा अडानी की कंपनी पर दर्ज करेगी?

पटवारी के बयान पर सबनानी की प्रतिक्रिया

## कांग्रेस का उद्देश्य देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं पर आक्षेप लगाना

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर प्रतिकिया दी है। श्री सबनानी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2019 के चुनाव से पहले भी राफेल का मुद्दा उठाया था और जोर देकर इसे बहुत बड़ा घोटाला बताया था, यहां तक कि 'चौकीदार चोर है' का नारा भी दिया था। कोविड-19 महामारी के दौरान भी कांग्रेस ने सनसनी फैलाने की कोशिश की थी, लेकिन अंत में उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष माफी मांगनी पड़ी थी। कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य देश और प्रदेश को बदनाम करना और देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं पर आक्षेप लगाना है। जो संस्थाएं भारत की सुरक्षा और मजबूती के लिए काम करती हैं, कांग्रेस बार-बार उन्हें निशाना बनाकर विवाद खड़ा करती हैं। श्री सबनानी ने कहा कि जीतू पटवारी को ज्ञात होना चाहिए कि अदाणी ग्रुप पर कानूनी प्रक्रिया चल रही है और कानून अपना काम करेगा। इसमें किसी का कोई हस्तक्षेप नहीं है। श्री सबनानी ने कहा कि जिन चार राज्यों का नाम दस्तावेज में सामने आया है उनमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओड़िसा और तमिलनाडु शामिल है। जुलाई 2021 से फरवरी 2022 के बीच में इन चार राज्यों में विपक्षी सरकारें थी।

श्री सबनानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी की जगन मोहन रेड्डी की सरकार, तमिलनाडु में डीएमके की सरकार थी और ओडिशा राज्य में उस समय बीजू जनता दल की नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली सरकार थी। जिन चारों राज्यों का नाम अमेरिका में सामने आया है, उस समय उन राज्यों में न तो भाजपा के मुख्यमंत्री थे और न ही भाजपा समर्थित सरकारें थी।

# प्रदेश में फूलों का उत्पादन बढ़कर हुआ 4 लाख 71 हजार मैट्रिक टन



**भोपाल, देशबन्धु।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि फ्लोरीकल्चर के माध्यम से किसान भाई अच्छा लाभ कमा सकते हैं। गत 4 वर्षों में मध्यप्रदेश में फूलों के उत्पादन क्षेत्र में 5 हजार हैक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के किसानों द्वारा 4 लाख 71 हजार मीट्रिक टन से अधिक फूलों का उत्पादन किया गया है जो एक रिकॉर्ड है। गत चार वर्षों में 58 हजार मैट्रिक टन से अधिक की वृद्धि।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में छोटे किसान जिनके पास एक या आधा हैक्टेयर भूमि है, वे भी फूलों के उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। फूलों की खेती कम समय में तैयार हो जाती है और यह केशक्रोप होती है। इससे कृषकों को फसल का तुरंत नगद भुगतान प्राप्त हो जाता है। मध्यप्रदेश के फूलों की नई दिल्ली, मुम्बई, नागपुर, अहमदाबाद, जयपुर जैसे महानगरों में अच्छी मांग है। उद्यानिकी विभाग द्वारा फूलों के उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्सहित किया जा रहा है।

### किसान भाई बने आत्मनिर्भर : कुशवाह

### नर्सरियों को किया जा रहा है हाई टैक

मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि प्रदेश की नर्सरियों को हाई टैक किया जा रहा है। इसके लिये ई-नर्सरी पोर्टल भी बनाया गया है। इनसे फूल-फल उत्पादक को अच्छी किस्म के बीज और पौधे रियायती दरों में प्राप्त हो रहे है। प्रदेश में 100 दिवसीय कार्ययोजना में 20 हजार किसानों और युवाओं को आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये लागत से पहली हाई टैक फ्लोरीकल्चर नर्सरी विकसित की जा रही है। यह नर्सरी फूलों की खेती में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा।

संसदीय कार्य विभाग ने विभागाध्यक्ष और कलेक्टरों को जारी किया पत्र

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान वर्ष भर चलेगा जागरूकता अभियान

**भोपाल, देशबन्धु।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किये हैं।

अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जायेगी। इसी दौरान जन-समुदाय के बीच में संविधान पर केन्द्रित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। वर्ष भर की गतिविधियों को एक डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के लिये वेबसाइट constitution75.com भी तैयार की गई है। वेबसाइट में गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किये जा सकेंगे। इस अभियान में युवाओं और स्कूल के बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिये एक अन्य वेबसाइट https://www.mygov.in: पर संविधान विषय पर निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता की तस्वीरें साझा की जा सकती हैं।

**हम सरकार के जवाब से....** नहीं बता पाई है कि कितने एंट्री पॉइंट्स हैं और उसके अधिकारी कहां-कहां मौजूद हैं। एमिकस क्यूरी ने हमें बताया कि कुल 113 एंट्री पॉइंट हैं। सिर्फ 13 में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। ऐसा लगता है कि बाकी पॉइंट से ट्रक घुस रहे हैं। हम दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को तुरंत सभी 113 जगहों पर चेक पोस्ट बनाने का आदेश दे रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, जिन 13 एंट्री पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उनके फुटेज एमिकस क्यूरी को दें, ऐसा लगता है कि बाकी 100 पर कोई जांच नहीं हो रही है। हम खुश हैं कि 13 वकीलों ने कोर्ट कमिश्नर के रूप में काम करने पर सहमति दी है। इन कोर्ट कमिश्नरों को दिल्ली के एंट्री पॉइंट्स के दौरे के लिए सुविधा और जरूरी सुरक्षा दी जाए। वकील आदित्य प्रसाद सभी 13 कोर्ट कमिश्नर नियुक्त वकीलों के साथ समन्वय रखेंगे. सभी कोर्ट कमिश्नर रिपोर्ट दें। सोमवार को सुनवाई होगी।

**जिलों में आदर्श स्थिति बनाएं....** सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर्स ने जिलों में बेस्ट प्रैक्टिसेस की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर अवैध मादक पदार्थ जब्त किए जाएं। अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएं। विशेष अभियान संचालित कर नशे का व्यापार करने वाले अपराधियों की धरपकड़ की जाएं। युवाओं को नशामुक्ति अभियान से जोड़कर जागरूक बनाया जाएं। शिक्षण संस्थाएं भी ऐसे प्रयास करें। नशे की वस्तुओं की सप्लाई चेन पर नियंत्रण हो। अन्य राज्यों से भी संपर्क और संवाद कर नशे की वस्तुओं पर अंकुश लगाया जाए। खांसी के विभिन्न सीरप जो नशे के विकल्प के तौर पर उपयोग में लाए जा रहे हैं उन पर भी नियंत्रण किया जाए। पुलिस की निगाह ऐसी गतिविधियों पर होना चाहिए, विशेष कर औद्योगिक क्षेत्रों में इसे रोकने की विशेष आवश्यकता है। दवा की दुकानों की भी रैंडम रूप से चेकिंग कर इस पर नियंत्रण किया जाए। गौ- तस्करों पर तत्काल एक्शन हो। आदतन अपराधियों के विरूद्ध और साइबर क्राइम पर भी नियंत्रण स्थापित किया जाए। पुलिस की कार्रवाई से अपराधिक तत्व बचना नहीं चाहिए। त्यौहारों के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाएं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि कार्य में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। ड्रोन के माध्यम से यूरिया के छिड़काव और खाद डालने से सामग्री की बचत भी संभव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धान, ज्वार-बाजरा और सोयाबीन खरीदी से संबंधित कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किए जाएं। जिन जिलों से अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त होगी, वहां दोषी अधिकारियों को नहीं बख्शा जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं होना चाहिए। खाद, बीज की समय-सीमा में उपलब्धता और व्यवस्थित वितरण को सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने के बावजूद जिन स्थानों से वितरण की अव्यवस्था संबंधित शिकायतें मिलेंगी, वहां दोषी अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शाजापुर जिले में एक नवाचार किया गया है, जिसमें टोकन वितरण सीएम हेल्पलाइन 181 की मदद से करते हुए अनावश्यक लाइन नहीं लगी और कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। अतिरिक्त काउंटर बनाकर भी सागर और दमोह जिलों में अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इसी तरह इंदौर जिले में 65 वर्ष से अधिक आयु के किसानों के लिए पृथक काउंटर बनाया गया। ऐसे सफल प्रयोग अन्य जिलों में भी किए जाएं।

**गीता जयंती कार्यक्रम पूरे....** के रोगियों और उनके परिजन को भी भोजन उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में मिलावटखोरी के मामलों पर पूर्ण नियंत्रण, खाद्य पदार्थों की चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जांच के निर्देश दिए। इसी तरह प्रदेश में 25 नवम्बर से प्रारंभ हम होंगे कामयाब पखवाड़े में विभिन्न गतिविधियों के संचालन और स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े में 18 नवम्बर से प्रारंभ गतिविधियों के 2 दिसम्बर तक निरंतर संचालन के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व निधि से समृद्धि के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान में विभागों की चिन्हित 25 हितग्राही मूलक और सामुदायिक संबंधी योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसमस्याओं के निराकरण और सीएम हेल्प लाइन की लंबित शिकायतों को समय-सीमा में सुलझाने के निर्देश भी दिए।

**सुकमा में कमांडर सहित....** के भेज्जी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम और भंडारपदर के जंगल में मुठभेड़ का मामला सामने आया। उन्होंने बताया कि जिले के दक्षिण क्षेत्र में कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। सुरक्षाकर्मियों की टीम जब भेज्जी थाना क्षेत्र के कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम और भंडारपदर गांव के जंगल-पहाड़ी में थी, तभी नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तय किए गए मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाए के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ रहे हैं।

**मणिपुर में तनाव को लेकर....** और कथित तौर पर एक मीतेई परिवार के छह लोगों का अपहरण कर लिया तीन महिलाएं और एक शिशु सहित तीन बच्चे। तब से नदी से पांच शव बरामद किए गए हैं, जिसके कारण हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। सोमवार को मिला छठा शव अभी भी पहचाना जाना बाकी है, माना जा रहा है कि यह लापता परिवार के आखिरी सदस्य का है।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु* (कट ऑफ 01.10.2024) |
|---|---|---|
| **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/18 (नियमित पद)** | | |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-सिविल) | 43 | 30 |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-इलेक्ट्रिकल) | 25 | 30 |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-फायर) | 101 | 40 |
| **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/19 (संविदा पद)** | | |
| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु* (कट ऑफ 30.09.2024) |
| जीएम एवं उप सीआईएसओ (इंफ्रा सिक्योरिटी एवं विशेष परियोजनाएं) | 01 | 50 |
| डीजीएम (इंसीडेंट रिस्पॉन्स) | 01 | 50 |

*भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट उपलब्ध होगी।

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"** → **"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 22.11.2024 से 12.12.2024 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 22.11.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।